गुरुवार, 5 जून 2025

**मौसम**





तापमान 26 – 33

आर्द्रता 76%

सूर्योदय: 4:51 सूर्यास्त: 18:18

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




आज गंगा दशहरा


स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर



कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


**सुविचार : छोटा सा जीवन है कभी क्षमा करके कभी क्षमा मांगकर गुजार दीजिये।**


RED-X

B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS

'X' Factor that Makes A Difference

Stockist :

GULAB CHAND LAL CHAND& Co.

9831114555

9874415555


# आरसीबी की पहली आईपीएल जीत का जश्न मातम में बदला

## भगदड़ में 11 की मौत



### मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

**बेंगलुरू :** आरसीबी की पहली आईपीएल जीत का जश्न बुधवार को मातम में बदल गया जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर टीम की झलक पाने के लिये हजारों प्रशंसकों के जुटने के कारण मची भगदड़ में कम से कम 11 की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''बेंगलुरू में चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 33 घायल हुए हैं। दो तीन लाख से ज्यादा लोग जुटे थे जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी।'' उन्होंने यह भी कहा कि स्टेडियम में 35000 दर्शक ही आ सकते थे। उन्होंने मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं और मृतकों के परिजनों को दस लाख रूपये मुआवजा देने की भी घोषणा की। यह भगदड़ तब हुई जब हजारों प्रशंसक अलग अलग दरवाजों से स्टेडियम के भीतर घुसने के लिये जमा हो गए। पुलिस के लिये उन पर नियंत्रण कर पाना मुश्किल हो गया जिससे अफरा तफरी फैल गई और खुशी का माहौल गम में बदल गया। पुलिस ने कर्नाटक प्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के सम्मान में आयोजित समारोह से पहले स्थिति नियंत्रण में लाने के लिये हल्का बलप्रयोग भी किया। इस बीच खिलाड़ियों का सम्मान समारोह स्टेडियम के भीतर जारी रहा। स्टेडियम के बाहर लोगों के गिरने, पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल ले जाने और एंबुलेंस में लोगों के अचेत होने की तस्वीरें लगातार आती रहीं। अचेत हुए लोगों को सीपीआर देने के दृश्य भी सामने आये। घायलों को बोरिंग और लेडी कर्जन अस्पताल और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार मौत का कारण दम घुटना हो सकता है। अस्पताल में भी हृदय विदारक दृश्य देखने को मिले जहां अपने प्रियजनों को खोने वाले लोग आंसुओं पर काबू नहीं रख पा रहे थे।

उप मुख्यमंत्री डी के शिवाकुमार ने कहा ,'' भीड़ अनियंत्रित हो गई और पुलिस के लिये मुश्किल हो गया था जिससे हमें जुलूस रोकना पड़ा।'' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिये थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई से कहा ,'' इस स्तर के जीत के जश्न के आयोजन के लिये पर्याप्त एहतियात बरती जानी चाहिये थे और सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखना था। कहीं न कहीं तो कोई चूक हुई है।''

### बेहद हृदयविदारक घटना : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाए जाने के दौरान बेंगलुरु में बुधवार को हुई भगदड़ की घटना को बेहद हृदयविदारक बताया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही हृदयविदारक है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी भगदड़ में जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया।


**असम में 2026 का विधानसभा चुनाव 'भारत और ब्रिटेन' के बीच होगा : हिमंत (पृष्ठ 7)**


# 1 मार्च 2027 से देश में होगी जनगणना

**नई दिल्ली :** भारत में जनगणना यानी पापुलेशन सेंसस 2027 का शेड्यूल तय हो गया है। केंद्र सरकार की ओर से तैयार किए गए प्रारंभिक कार्यक्रम के मुताबिक, यह ऐतिहासिक जनगणना 16 जून को अधिसूचना जारी होने के साथ ही शुरू हो जाएगी। 1 मार्च 2027 से आंकड़े आने लगेंगे। खास बात यह है कि इस बार जनगणना के साथ-साथ जातियों की गिनती (कास्ट सेंसस) भी कराया जाएगा, जिसे लेकर लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक बहस चल रही है। महत्वपूर्ण बात ये है कि बिहार चुनाव से पहले ही सरकार ने जनगणना कराने का ऐलान किया है। बिहार में चुनाव अक्तूबर-नवंबर में होने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, जनगणना की प्रक्रिया अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो जाती है। जनगणना कराने की अधिसूचना 16 जून को प्रकाशित की जाएगी। जनगणना का दूसरा और अंतिम चरण फरवरी 2027 से शुरू होकर 01 मार्च 2027 को पूरा हो जाएगा। यानी इसके बाद आंकड़े आने शुरू हो जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, एक बड़ा खाका सरकार ने तैयार किया है। हम आपको सिलसिलेवार तरीके से बताते हैं कि कैसे यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यह प्रक्रिया पूरी तरीके से डिजिटल होगी। 3 साल में ये प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पहले 5 साल में यह प्रक्रिया पूरी की जाती थी। परिवारों की आर्थिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली जाएगी जैसे पक्का घर है या कच्चा घर। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार ने इस बार जनगणना को दो हिस्सों में बांटने का निर्णय लिया है। पहले चरण में सीधे-सीधे लोगों की गिनती की जाएगी। इसमें आयु, लिंग, शिक्षा, रोजगार, आवास आदि का डेटा इकट्ठा किया जाएगा। दूसरे चरण में जातियों की गणना की जाएगी। यह दशकों बाद पहली बार केंद्र स्तर पर हो सकती है। हालांकि अभी तक केंद्र सरकार ने जाति गणना को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई अंतिम घोषणा नहीं की है, लेकिन प्रशासनिक हलकों में इसे लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अगर ऐसा होता है, तो यह 1931 के बाद पहली बार होगा जब देशव्यापी स्तर पर जातियों की विस्तृत गणना होगी।

**बर्फीले इलाकों में पहले शुरू होगी गणना**

लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड जैसे केंद्र शासित प्रदेशों के बर्फीले क्षेत्रों में जहां मार्च में पहुंचना मुश्किल होता है, वहां जनगणना 1 अक्टूबर 2026 से शुरू की जाएगी। यह परंपरा पिछले जनगणना अभियानों में भी रही है, ताकि मौसम की स्थिति के अनुसार सटीक और समय पर जानकारी एकत्र की जा सके।

# मुख्यमंत्री ममता ने सेमीकंडक्टर निर्माण पर अमेरिकी महावाणिज्यदूत के साथ की बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सेमीकंडक्टर निर्माण पर बुधवार को अमेरिकी महावाणिज्यदूत के साथ बैठक की। सूत्रों का कहना है कि दुनिया की सबसे बड़ी माइक्रोचिप बनाने वाली 'ग्लोबल फाउंड्रीज' नामक कंपनी इस सेमीकंडक्टर का निर्माण करेगी। नवान्न सूत्रों के अनुसार, साल्टलेक सेक्टर 5 में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया में 13,000 वर्ग फीट जगह पहले ही दी जा चुकी है। कंपनी ने 19,000 वर्ग फीट जगह और मांगी है। गौरतलब है कि 'ग्लोबल फाउंड्रीज' एक प्रमुख सेमीकंडक्टर निर्माण कंपनी है जो स्मार्टफोन, कंप्यूटर और कार जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले माइक्रोचिप्स बनाती है। यह कंपनी मूल रूप से दुनिया भर में आधुनिक तकनीक को मजबूत करने में मदद करती है। यह कंपनी कोलकाता पावर सेंटर में डिजाइन, टेस्टिंग आदि के लिए एक केंद्र स्थापित करने जा रही है। बाद में, कोलकाता में निर्माण कार्य भी किया जा सकता है। राज्य सरकार ने उन्हें पहले ही जगह दे दी है। अमेरिकी कंपनी ने उसी पार्क में 19,000 वर्ग फीट जगह और मांगी है। राज्य सरकार उस आवेदन पर विचार कर रही है। इसके साथ ही राज्य सरकार पावर इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम बनाने में भी रुचि रखती है। इसके अलावा, राज्य इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए वैश्विक फाउंड्रीज और विश्वविद्यालयों के साथ काम करना भी शुरू करने जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे बंगाल के छात्रों को फायदा होगा। नवान्न सूत्रों ने यह भी बताया कि न्यूजर्सी की कंपनी 'सैनटेक ग्लोबल इनकॉरपोरेटेड' ने कोलकाता में सेमीकंडक्टर परियोजना स्थापित करने में रुचि दिखाई है। यह कंपनी नैनोइलेक्ट्रॉनिक्स जैसी तकनीकों में विशेषज्ञ है। राज्य सरकार की ओर से कंपनी के साथ बातचीत भी शुरू हो गई है।

## बांग्लादेशी नागरिकों ने बीएसएफ जवान का 'अपहरण' किया, बाद में छोड़ा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा बीएसएफ के एक जवान को कथित तौर पर अगवा कर लिया गया और उसे अंतरराष्ट्रीय सीमा पार ले जाया गया। हालांकि, कुछ घंटे बाद जवान को छोड़ दिया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना जिले के नूरपुर के सुतियार में सीमा सुरक्षा बल शिविर के नजदीक चांदनी चौक के निकट तड़के हुई। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, जवान कथलिया गांव के पास बांग्लादेश की ओर से घुसपैठ की कोशिश को रोकने का प्रयास कर रहा था, तभी उसे बांग्लादेश के चपई नवाबगंज जिले के असामाजिक तत्वों ने पकड़ लिया। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के एक वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''जवान को बांग्लादेशी नागरिकों ने अगवा कर लिया था और बंदी बनाकर रखा था, लेकिन जब हमने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के समक्ष इस मुद्दे को उठाया तो कुछ घंटों के भीतर ही उसे रिहा कर दिया गया। जवान अब हमारे साथ है और ठीक है।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वदेशी हथियारों की ताकत पर जोर दिया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वदेशी हथियारों ने अपनी ताकत साबित कर दी है और दिखाया है कि वे किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने युद्ध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डाला और कहा कि 'मेक इन इंडिया' हथियार और प्लेटफॉर्म सरकार की प्राथमिकता होगी। मोदी ने अपने मंत्रिपरिषद से ऊंचे लक्ष्य रखने और उन्हें हासिल करने के लिए तेजी से काम करने को कहा। बैठक में एक प्रस्तुति दी गयी, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष में भारत की ताकत पर जोर दिया गया। एक सूत्र ने बताया कि इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि पाकिस्तान ने स्वयं स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे भारी क्षति हुई। सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरू भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इस घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी है।

## आईआरसीटीसी अकाउंट के लिए ई-आधार ऑथेन्टिकेशन शुरू करेगा रेलवे, तत्काल टिकट मिलने में मिलेगी मदद

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेल जल्द ही आईआरसीटीसी अकाउंट के लिए ई-आधार ऑथेन्टिकेशन का उपयोग शुरू करेगा। इससे वास्तविक यूजर्स को जरूरत के समय कन्फर्म टिकट पाने में मदद मिलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रेलवे कुछ नियमों को और सख्त बनाकर तत्काल टिकट प्रक्रिया को और मजबूत बनाने की योजना बना रहा है, जैसे कि केवल आधार सत्यापित खातों को ही ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति होगी, बुकिंग के लिए आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी आवश्यक होगा। सूत्रों ने कहा कि गड़बड़ियों को नियंत्रित करने के लिए काउंटर आधारित तत्काल टिकट भी आधार सत्यापन के बाद बुक किए जा सकते हैं।

# असम: बाढ़ से मरने वालों की संख्या पहुंची 19, करीब 6.8 लाख लोग प्रभावित



**गुवाहाटी :** असम में बुधवार को बाढ़ की स्थिति बहुत गंभीर हो जाने के साथ यहां दो और लोग मारे गए हैं, जबकि 21 जिलों में प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर लगभग 6.8 लाख पहुंच गई है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। ब्रह्मपुत्र सहित नौ नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जबकि गुवाहाटी स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने राज्य में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। आरएमसी ने कहा कि धुबरी, दक्षिण सलमारा-मनकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार में गरज के साथ बारिश होने और बिजली चमकने तथा 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। राज्य के कई हिस्सों में सड़क, रेल और नौका सेवाएं प्रभावित रहीं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन में कहा गया है कि नगांव और कछार जिलों में दो मौतें हुई हैं। कछार में एक व्यक्ति के लापता होने की खबर है। इन हताहतों के साथ, इस वर्ष बाढ़ और भूस्खलन में मरने वाले लोगों की संख्या 19 पहुंच गई है। कुल मिलाकर 21 जिलों के 66 राजस्व क्षेत्रों और 1,494 गांवों में कुल 6,79,423 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, जबकि मंगलवार को 21 जिलों में प्रभावित लोगों की संख्या 6.5 लाख से अधिक थी।

# उच्चतम न्यायालय ने संपत्ति पर अधिकार संबंधी दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका को खारिज किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की उस याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि राजधानी के शाहदरा इलाके में एक संपत्ति 'वक्फ संपत्ति' है और वहां लंबे समय से एक गुरुद्वारा बना हुआ है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की ओर से पेश हुए वकील से कहा, ''वहां एक गुरुद्वारा है, उसे रहने दें। अगर कोई दावा है भी तो आपको यह कहते हुए उस दावे को छोड़ देना चाहिए कि वहां पहले से ही एक गुरुद्वारा है।'' उच्चतम न्यायालय बोर्ड की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने दिल्ली उच्च न्यायालय के सितम्बर, 2010 के उस आदेश को चुनौती दी थी। आदेश में संपत्ति पर कब्जे के लिए उसके मुकदमे को खारिज कर दिया गया था। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि विचाराधीन संपत्ति एक वक्फ संपत्ति थी, जिसका इस्तेमाल लंबे समय से वक्फ के रूप में किया जा रहा है। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि कहा, ''वहां एक गुरुद्वारा बना हुआ है।'' वक्फ बोर्ड के वकील ने मामले में निचली अदालत के न्यायाधीश के निष्कर्षों का हवाला दिया और कहा कि वहां एक मस्जिद मौजूद थी। उन्होंने कहा कि प्रतिवादी के एक गवाह ने खुद स्वीकार किया है कि वहां एक मस्जिद थी और ''गुरुद्वारा की तरह का एक ढांचा'' बनाया गया था, लेकिन इसका पंजीकरण नहीं कराया गया था। पीठ ने कहा, ''यह गुरुद्वारा की तरह का ढांचा नहीं, बल्कि यह पूरी तरह से एक गुरुद्वारा है।''

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक : रीजीजू

**नयी दिल्ली :** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। रीजीजू ने मानसून सत्र की घोषणा ऐसे समय में की है जब विपक्षी दलों के नेता ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने के लिए सरकार से विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे लिए हर सत्र विशेष सत्र है।'' रीजीजू ने कहा कि मानसून सत्र में नियमों के तहत सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समिति उन मुद्दों पर निर्णय लेगी जिन पर चर्चा होनी है।

# जजों का रिटायरमेंट के तुरंत बाद सरकारी पद स्वीकार करना या चुनाव लड़ना न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कम करता है: सीजेआई बीआर गवई

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने जजों द्वारा रिटारमेंट के तुरंत बाद सरकार पद स्वीकार करने या चुनाव लड़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रथाएं गंभीर नैतिक सवाल उठाती हैं। इतना ही नहीं इनसे न्यायपालिका में जनता का विश्वास कम होता है। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने यूनाइटेड किंगडम के सुप्रीम कोर्ट में एक गोलमेज चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रथाओं से ऐसी धारणा बन सकती है कि न्यायिक फैसले भविष्य की राजनीतिक या सरकारी लाभ की अपेक्षाओं से प्रभावित थे। सीजेआई गवई ने कहा: यदि कोई जज रिटायर होने के तुरंत बाद सरकार के साथ कोई अन्य नियुक्ति लेता है, या फिर चुनाव लड़ने के लिए बेंच से इस्तीफा देता है तो यह महत्वपूर्ण नैतिक चिंताओं को जन्म देता है और सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करता है। एक जज द्वारा राजनीतिक कार्यालय के लिए चुनाव लड़ने से न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता के बारे में संदेह पैदा हो सकता है, क्योंकि इसे हितों के टकराव या सरकार का पक्ष लेने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। रिटायरमेंट के बाद की ऐसी व्यस्तताओं का समय और प्रकृति न्यायपालिका की ईमानदारी में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि न्यायिक निर्णय भविष्य की सरकारी नियुक्तियों या राजनीतिक भागीदारी की संभावना से प्रभावित थे।




Suffering from hip or Knee pain?

Ask Dr. Santosh

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये –डॉ संतोष कुमार

**प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?**

**डॉ. कुमार:** आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।

**प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?**

**डॉ. कुमार:** विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?**

**डॉ. कुमार:** जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?**

**डॉ. कुमार:** जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।





Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

**प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?**

**डॉ कुमार:** अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।

**प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?**

**डॉ. कुमार:** बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।

**प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?**

**डॉ. कुमार:** बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।

**प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?**

**डॉ कुमार:** सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।

**प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?**

**डॉ कुमार:** हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।

**प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?**

**डॉ कुमार:** अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्काटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।






**प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?**

**डॉ. कुमार:** फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।

**प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?**

**डॉ. कुमार:** सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।

**प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है**

**डॉ. कुमार:** अच्छी तरह से जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।

**Dr. Santosh Kumar Hip& Knee Foundation**

*Chamber :* Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089

Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon

● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com

● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh

*Call for Appointment :* 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years

## लैंगिक व क्षेत्रीय विभेद से भी मिले मुक्ति

निस्संदेह, भारत की साक्षरता का प्रतिशत करीब 81 फीसदी होना एक सराहनीय उपलब्धि व मील का पत्थर ही है। देश की आजादी के वक्त की साक्षरता स्थिति से इसकी तुलना करें तो इसे उपलब्धि की तौर पर देखा जाना चाहिए। किसी समाज में साक्षरता का स्तर उसकी प्रगति का आईना ही होता है। ये आंकड़े हमारे समाज की शिक्षा तक पहुंच में निरंतरता का पर्याय भी हैं। हालांकि, 2023-24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी पीएलएफएस के आंकड़ों से यह भी उजागर होता है कि सार्वभौमिक साक्षरता की ओर राष्ट्र का यह कदम निरंतर कई असमानताओं से भी बाधित है। खासतौर पर यह भेद लिंग और क्षेत्रीय आधार पर नजर आता है। उदाहरण के लिए देखें तो शहरी क्षेत्रों में साक्षरता की दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। जिसका मुख्य कारण शहर केंद्रित विकास को तरजीह व शिक्षा के लिये अनुकूल परिस्थितियों का होना भी है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी भारत में साक्षरता की दर 88.9 है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह 77.5 फीसदी ही हो पायी है। निश्चित रूप से विभिन्न राज्यों में प्रतिध्वनित यह शहरी व ग्रामीण साक्षरता का अंतर शिक्षा के बुनियादी ढांचे, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता और सीखने के अवसरों में असमानता को ही दर्शाता है। कमोबेश इसी प्रकार देश के विभिन्न राज्यों में लैंगिक असमानताएं भी नजर आती हैं। यह विडंबना की कही जाएगी कि कई राज्यों में लड़कियों की शिक्षा पर दशकों से नीतिगत स्तर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद पुरुष साक्षरता महिला साक्षरता के मुकाबले कहीं आगे नजर आती है। निश्चित रूप से इसके मूल में सामाजिक रूढ़ियां, सामाजिक चेतना का अभाव व आर्थिक विकास की विसंगतियां निहित हैं। जिसके चलते लड़कियों को शिक्षा के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच स्कूलों की दूरी और आवागमन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध न हो पाना भी महिला शिक्षा के प्रतिशत में गिरावट का कारक बनती है। इन तमाम कारणों को नये सिरे से संबोधित करने की जरूरत है।

लेकिन वहीं कुछ राज्यों में लक्ष्यों पर केंद्रित अभियानों व शासन-प्रशासन की सक्रियता के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। लक्षद्वीप, दिल्ली, तमिलनाडु और त्रिपुरा के परिणाम दर्शाते हैं कि जब शासन की सक्रियता, लोगों की पहुंच और सामुदायिक जुड़ाव एक साथ आते हैं तो कुछ भी संभव है। दरअसल, आर्थिक विसंगतियों से जूझते व सामाजिक व आर्थिक सुधारों को अमल में न ला सकने वाले राज्य साक्षरता के लक्ष्य राष्ट्रीय अनुपात में नहीं प्राप्त कर सके। सबसे कम साक्षरता दर वाले बिहार की स्थिति गरीबी,अपर्याप्त स्कूली शिक्षा, सांस्कृतिक कारकों व शिक्षा की राह में बाधा डालने वाली सामाजिक बाधाओं के जटिल अंतर्संबंध को रेखांकित करती है। यहां इन उत्साहजनक आंकड़ों के बावजूद कई सवाल हमारे सामने पैदा होते हैं। प्रश्न यह भी है कि हम किस तरह की साक्षरता विकसित कर रहे हैं? क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की है कि वो लोगों के जीवन में व्यापक बदलावों का कारक बन सके? बात सिर्फ आंकड़ों की नहीं है पड़ताल इस बात की भी की जानी चाहिए कि साक्षरता क्या वास्तव में प्रगतिशील सोच, नागरिक दायित्वों और आर्थिक जीवन में सार्थक रूप से भाग लेने की क्षमता विकसित करती है? इन हालिया आंकड़ों में जो शामिल नहीं हो सके हैं, खासकर हाशिये पर गए समुदाय, उन्हें साक्षरता की सफलता से जोड़ना हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि स्कूली शिक्षा गुणवत्तापूर्ण हो, शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण मिले, उनकी डिजिटल शिक्षा तक भी पहुंच हो तथा शिक्षा में निवेश बढ़ाया जाये। आवश्यकता यह भी है कि नई शिक्षा नीति के ही अनुरूप प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दी जाए। इसके साथ यह भी जरूरी है कि वयस्क साक्षरता अभियानों को प्राथमिकता दी जाए। खासकर आर्थिक रूप से पिछड़े व संसाधनों के अभाव वाले राज्यों में। इस दिशा में हमारे प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब शासन-प्रशासन के प्रयासों के साथ सामुदायिक स्तर पर बड़ी कोशिश की जाए। जनजागरण और सूचना माध्यमों की रचनात्मक भूमिका साक्षरता अभियान के लक्ष्यों को हासिल करने में बदलावकारी साबित हो सकती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 जून, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष दशमी, 26:16 तक, नक्षत्र : हस्त, 30:28 तक, योग : सिद्धि, 09:08 तक, सूर्योदय: 4:51, सूर्यास्त: 18:18, चन्द्रोदय : 13:20, चन्द्रास्त: 00:48, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 13:15 से 14:55

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए व्यापार में पैसों का प्रबंधन चुनौतीपूर्ण रहेगा। यदि आपने हाल ही में किसी क्लाइंट को उधारी दी है, तो वह धन वापसी में टालमटोल कर सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए धन लाभ के अवसर बढ़ेंगे। रियल एस्टेट, बीमा, शेयर, मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई नया सौदा मिल सकता है। प्रमोशन या बोनस की संभावना बनेगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए व्यापार में नए समझौते या करार से आय के स्रोत बढ़ेंगे। विदेशी संपर्कों से या एक्सपोर्ट-इंपोर्ट व्यापार से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ मिल सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए आर्थिक दृष्टि से दिन अत्यंत शुभ है। आपकी व्यापारिक योजनाएं सफल होंगी, विशेषकर यदि आप कंस्ट्रक्शन, हार्डवेयर या तकनीकी उपकरणों से जुड़े हैं।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को लाभ होगा और आपकी नेतृत्व क्षमता के चलते कार्यस्थल पर सराहना मिलेगी। बिजनस में नई योजनाओं के लिए पूंजी जुटाने में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** कन्या राशि वाले नौकरीपेशा लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव की संभावना है। प्रमोशन या वेतन वृद्धि की बात चल सकती है। किसी सरकारी टेंडर या निविदा में सफलता मिल सकती है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को लाभ होगा। आपकी वाणी और संपर्क कौशल आपको आर्थिक रूप से उन्नति की ओर ले जाएगा। व्यापार में आय के नए स्रोत जुड़ सकते हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। आपके प्रयासों से आर्थिक पक्ष और सुदृढ़ होगा। व्यापारी वर्ग के लिए रुके हुए पेमेंट आ सकते हैं, जिससे नकदी प्रवाह सुधरेगा।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए अचानक कोई बड़ा खर्च आ सकता है, विशेषकर संपत्ति या वाहन से संबंधित। कार्यक्षेत्र में टारगेट पूरे करने के लिए मेहनत करनी होगी।

**मकर :** मकर राशि के लिए दिन आर्थिक रूप से बेहद सकारात्मक है। बिजनस में बड़ा मुनाफा हो सकता है, खासकर यदि आप टेक्नॉलजी, स्टील, ऑटोमोबाइल या निर्माण से जुड़े हैं।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए दिन पैसों को लेकर थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। संवेदनशीलता से संभालें। दिन बचत पर केंद्रित रखें और फालतू के खर्च से बचें।

**मीन :** मीन राशि वालों की आर्थिक योजनाएं सफल होंगी। शेयर मार्केट, ट्रेडिंग, विदेशी डीलिंग्स में लगे लोगों को लाभ हो सकता है। पुराने क्लाइंट्स दोबारा संपर्क करेंगे, जिससे लाभ के मौके मिलेंगे।

# हिमालय की गोद में तकनीक और साहस का अनोखा संगम



**संतोष कुमार झा**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यू एस बी आर एल) परियोजना स्वतंत्रता के बाद की सबसे चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। यह परियोजना इस लिहाज से भी आवश्यक है कि जम्मू-कश्मीर को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ने हेतु एक वैकल्पिक और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली है। राज्य में निर्बाध और सुविधाजनक संपर्क सुनिश्चित करने की दृष्टि से, इस परियोजना को वर्ष 2002 में 'राष्ट्रीय परियोजना' घोषित किया गया।

परियोजना का एक भाग-कटड़ा से धरम खंड कि.मी. 30.00 से कि.मी. 72.390 और कि.मी. 91 से कि.मी. 101.635 तक (कुल 52.20 कि.मी.) के कार्यान्वयन हेतु कोंकण रेलवे को सौंपा गया। इसमें कुल 44.59 कि.मी. यानी 85.5% हिस्सा टनलों में, 4.6 कि.मी. यानी 8.8% पुलों पर और शेष 5.7 कि.मी. कटिंग व भराव में है। इसके अतिरिक्त, कोंकण रेलवे ने 172 कि.मी. की परियोजना सड़कों का निर्माण किया, जिनमें 404 मीटर लंबी सड़क सुरंग, 138 मीटर लंबा पुल (चिनाब घाटी पर) और कई अस्थायी बैली ब्रिज शामिल हैं।

इस परियोजना का ट्रैक तीन प्रमुख भूगर्भीय थ्रस्ट जोन रियासी थ्रस्ट, मुरी थ्रस्ट और पीर पंजाल थ्रस्ट- से होकर गुजरता है। भूगर्भिक स्थिति बार-बार बदलती है, जिसमें ढीली कंकड़-पत्थर, मिट्टी, सिल्ट स्टोन, दरकी हुई रेत-पत्थर और डोलोमाइट चट्टानें शामिल हैं। यह क्षेत्र भूकंप संभावित क्षेत्र में आता है, जहाँ अत्यधिक तापमान और दुर्गम भूभाग के कारण भूगर्भ का पूरा पूर्वानुमान लगाना अत्यंत कठिन था।

इन बदलती परिस्थितियों को देखते हुए डिजाइन में समय-समय पर बदलाव करने पड़े। सुरंगों के स्टेशन यार्ड जैसे चौड़े खंडों का निर्माण एक कठिन कार्य था, जिसके लिए उपयुक्त तकनीकों और मशीनों की मदद ली गई। सुरंगों के पोर्टल, गहरे कटाव, पुलों और पहुँच सड़कों के लिए व्यापक इंजीनियरिंग कार्य किए गए।

परियोजना का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव

पर्यटन को बढ़ावा : परियोजना के पूर्ण होने से देश के किसी भी हिस्से से पर्यटक आसानी से कश्मीर घाटी पहुँच सकेंगे।

शिक्षा के अवसर : राज्य के छात्रों को देशभर में बेहतर शैक्षणिक संस्थानों तक आसान पहुँच मिलेगी।

हर मौसम में संपर्क : यह रेलवे संपर्क जम्मू-कश्मीर को पूरे वर्ष देश के अन्य हिस्सों से जोड़े रखेगा, जिससे दूरस्थ क्षेत्रें का आर्थिक विकास संभव होगा।

सड़कों द्वारा पहुँच : कार्यस्थलों तक पहुँच के लिए 172 कि.मी. सड़कों का निर्माण किया गया, जिससे कई गाँव मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

**टनल निर्माण**

इस खंड में कुल 16 मुख्य टनल हैं जिनकी लंबाई 44.59 कि.मी. है। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा सुरंगें, क्रॉस पैसेज और एडिट्स सहित कुल 25.12 कि.मी. की अतिरिक्त सुरंगें बनाई गई हैं। टनल नं. 42 की लंबाई 9.274 कि.मी. है। सुरंगों के निर्माण में 'न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम)' और पारंपरिक तरीकों का उपयोग किया गया है।

**चिनाब ब्रिज**

यह परियोजना चिनाब नदी पर बनी है और यह सलाल जलविद्युत परियोजना के पास स्थित है। इस कारण चिनाब नदी पर एक मेगा पुल के निर्माण की आवश्यकता पड़ी। चिनाब ब्रिज नदी तल से 359 मीटर ऊँचाई पर स्थित है और इसकी मुख्य आर्च की लंबाई 467 मीटर है, जो दुनिया का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज है। यह प्रतिष्ठित पुल चिनाब नदी के तल से 359 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, जो पेरिस के प्रसिद्ध एफिल टावर से 35 मीटर अधिक ऊँचा है।

चिनाब ब्रिज की कुल लंबाई 1,315 मीटर है, जिसमें कुल 17 स्पैन लगे हैं। इनमें मुख्य आर्च स्पैन की लंबाई 467 मीटर है, जो चिनाब नदी को पार करता है। वायाडक्ट भाग में सीधा और घुमावदार भाग शामिल है। इसका घुमावदार भाग 2.74 डिग्री के तीव्र मोड़ पर है। वायाडक्ट के इस घुमावदार भाग को एंड-ऑन लॉन्चिंग तकनीक से लॉन्चिंग नोज का उपयोग कर स्थापित किया गया। भारत में पहली बार इस तकनीक का उपयोग घुमाव पर

### उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना



सफलतापूर्वक किया गया है, जिसके लिए यूएसबीआरएल टीम विशेष प्रशंसा की पात्र है। इस वायाडक्ट के सुपर स्ट्रक्चर की फैब्रिकेशन का कार्य साइट पर एक तकनीकी रूप से उन्नत और अत्यधिक कुशल वर्कशॉप की स्थापना कर किया गया।

मुख्य आर्च का निर्माण दोनों सिरों से केबल क्रेन की सहायता से किया गया। यह आर्च दो भागों में है- एक अपस्ट्रीम और दूसरा डाउनस्ट्रीम, जिन्हें विंड ब्रेसिंग्स द्वारा जोड़ा गया है। यह आर्च परवलयाकार आकार का है और इसका क्राउन नदी तल से 359 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, जो इसे विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज बनाता है। आर्च की ज्योमेट्री को नियंत्रित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है।

**प्रमुख विशेषताएँ**

दुनिया का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज, जो नदी तल से 359 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। केबल क्रेन असेंबली, जिसमें पैलोन सहित 915 मीटर का स्पैन है, दुनिया में सबसे लंबा है। 127 मीटर ऊँचा पैलोन, कुतुब मीनार से 72 मीटर ऊँचा है।

दुनिया में पहली बार, इस पुल को ब्लास्ट लोड (विस्फोट भार) के लिए डिजाइन किया गया है, जो डीआरडीओ के साथ परामर्श में तैयार किया गया है।

डिजाइन में अतिरिक्त संरचनात्मक सुरक्षा रखी गई है। यदि कोई एक पियर/ट्रेसल हटाया जाए तब भी पुल स्थिर रहेगा।

पुल ध्वस्त नहीं होगा और 30 कि.मी./घंटा की गति से संचालित रह सकता है। पुल मरम्मत योग्य रहेगी।

देश में पहली बार, 2.74 डिग्री के घुमाव पर स्थित पुल के हिस्से में प्लेट गर्डर को एक सिरे से पुश कर लॉन्च किया गया है। घुमावदार हिस्से की कुल लंबाई 268 मीटर है। भारतीय रेल पर पहली बार, पुलों में वेल्डिंग की जाँच के लिए फेज्ड एरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग मशीन का उपयोग किया गया है।

चिनाब ब्रिज साइट लैब को वेल्डेड एलिमेंट्स की जाँच के लिए नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर लेबोरेटरीज (एएबीएल) द्वारा मान्यता प्राप्त है- यह भारतीय रेल पर पहली बार हुआ है।

ड-40 फाउंडेशन पर 130.855 मीटर ऊँचा स्टील पियर, जो देश का सबसे ऊँचा संरचनात्मक स्टील पियर है।

**अंजी ब्रिज**

अंजी खड्ड पुल एक केबल-स्टे ब्रिज है, जो कटड़ा और रियासी सेक्शन को उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना में जोड़ता है। यह भारतीय रेल पर निर्मित पहला केबल-स्टे ब्रिज है। अंजी पुल मुख्य रूप से निम्नलिखत भागों से मिलकर बना है। मुख्य पुल, जिसकी लंबाई 473.25 मीटर है (1÷290.00मी. + 1÷80.00मी. + 1÷75.00मी. + 1÷28.25मी.), सहायक वायाडक्ट जिसकी लंबाई 120 मीटर है। सेंट्रल एम्बैंकमेंट, जो मुख्य पुल और सहायक वायाडक्ट के बीच स्थित है, जिसकी लंबाई 64.25 मीटर है। इस पुल की खास विशेषता इसका मुख्य स्पैन (290 मीटर लंबा) और 193 मीटर ऊँचाई वाला पायलन है, जो वेल कैप के ऊपर है। यह पायलन उल्टे ध आकार में बना है और नदी तल से इसकी ऊँचाई 331 मीटर है। पुल को 96 केबल्स और एकल पायलन द्वारा सहारा दिया गया है जो रियासी छोर पर स्थित है।

इस पुल का डिजाइन इटली की परामर्शदाता कंपनी M/s Italfer द्वारा तैयार किया गया है।

पुल में एक इंटीग्रेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया गया है, जिसमें विभिन्न स्थानों पर कई सेंसर लगे हैं, जो वास्तविक समय में संरचनात्मक स्वास्थ्य की निगरानी के लिए आवश्यक महत्त्वपूर्ण आंकड़े रिकॉर्ड करते हैं।

भारी सामग्रियों को स्थानांतरित करने हेतु कोंकण रेलवे (केआरसीएल) ने धमकुंड में रामबन-गूल राज्य मार्ग पर चिनाब नदी पर 138 मीटर लंबा एक सड़क पुल बनाया। यह पुल संगलदान, गूल, महौर, अर्नास, कंथन और रियासी जैसे आसपास के गांवों को जोड़ता है। सड़क मार्ग के कार्य की प्रगति बढ़ाने और अतिरिक्त कार्य मोर्चे उपलब्ध कराने के लिए, 260 मीट्रिक टन से अधिक की मशीनरी जैसे: एक्सकेवेटर, ड्रिन ड्रिलिंग जम्बो, रोड रोलर, डोजर, डंपर, शॉटक्रिट मशीन, कंक्रीट मिक्सर, जनरेटर आदि को भारतीय वायु सेना के विश्व के सबसे बड़े मालवाहक हेलीकॉप्टर एमआई-26 द्वारा 21 बार उड़ान भरकर स्थानांतरित किया गया। इसके लिए सुरुकोट गांव में एक हेलीपैड का निर्माण केवल हाथ के औजारों से मैन्युअल रूप से किया गया, क्योंकि वहाँ तक कोई वाहन पहुँच नहीं सकता था। कोंकण रेलवे हमेशा राष्ट्र की प्रगति और विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

# मोदी के 11 वर्ष: दूरदर्शिता से प्रेरित, ऊर्जा से संचालित



**श्री हरदीप एस. पुरी**
भारत सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं

भारत कुछ दिन पहले ही जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वर्ष 2014 से, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत की जीडीपी 2025 में दोगुनी से अधिक बढ़कर 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो चुकी है। यह सुधारों, उदारपूर्ण नीति और आत्मनिर्भरता की निरंतर खोज पर केंद्रित एक दशक लंबी रणनीति का परिणाम है।

भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि एक रणनीतिक शक्ति भी बन चुका है। इस वृद्धि का अभिन्न अंग ऊर्जा क्षेत्र, मोदी 3.0 के पहले वर्ष के दौरान एक संरचनात्मक परिवर्तन से गुजरा है, जो पिछले दस वर्षों के आधारभूत परिवर्तन पर आधारित है।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछली तिमाही में भारत की 6.7 प्रतिशत की विकास दर ने इसे एक ऐसे तेजी से बढ़ते ग्राफ पर ला दिया है, जिसे आने वाले वर्षों में कोई भी अन्य देश हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकता।

भारत अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा और तेल उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक है। वर्ष 2047 तक ऊर्जा की मांग में ढाई गुना वृद्धि होने की आशा है और भारत से की जाने वाली वैश्विक मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए रोडमैप स्पष्ट है: ऊर्जा सुरक्षा ही विकास सुरक्षा है। मोदी सरकार की ऊर्जा रणनीति चार-आयामी दृष्टिकोण के माध्यम से उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता के रूप में ऊर्जा की त्रिपक्षीय विविधता को दर्शाती है जिसमें स्रोतों और आपूर्तिकर्ताओं का विविधीकरण, घरेलू उत्पादन का विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन और सामर्थ्य शामिल है।

तेल और गैस उत्पादन क्षेत्र की प्रारंभिक प्रक्रिया में, भारत का अन्वेषण क्षेत्र वर्ष 2021 में 8 प्रतिशत से दोगुना होकर वर्ष 2025 में 16 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2030 तक 1 मिलियन वर्ग किमी को कवर करने के लक्ष्य के साथ, सरकार का लक्ष्य 42 बिलियन टन तेल और तेल-समतुल्य गैस का अन्वेषण करना है। यह विस्तार ऐतिहासिक सुधारों जैसे कि 'नो-गो' क्षेत्रों में 99 प्रतिशत की कमी, ओएएलपी राउंड के माध्यम से सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग और नए गैस कुओं के लिए आकर्षक मूल्य निर्धारण प्रोत्साहन द्वारा सक्षम किया गया है। संशोधित गैस मूल्य निर्धारण व्यवस्था के अनुरूप भारतीय क्रूड बास्केट से 10 प्रतिशत से कीमतों को जोड़ने और नए कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश करने जैसी पहलों ने शहर के गैस नेटवर्क और औद्योगिक उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता को बढ़ाया है। लागत कम करने और मुद्रीकरण में तेजी लाने के लिए, नए राजस्व-साझाकरण अनुबंध ईएंडपी उद्यमियों के बीच साझा बुनियादी अवसंरचना की अनुमति देते हैं। तकनीकी और भू-भौतिकीय प्रयासों ने नीति सुधारों को पूरक बनाया है। राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम, मिशन अन्वेषण, एजीजी सर्वेक्षण और महाद्वीपीय शेल्फ मैपिंग ने विशेष रूप से अंडमान, महानदी और कावेरी जैसे सीमांत बेसिनों में डेटा और अन्वेषण आत्मविश्वास को बढ़ाया है। ओएनजीसी और ऑयल इंडिया ने पिछले चार वर्षों में मुंबई अपतटीय, कैम्बे, महानदी और असम बेसिन में 25 से अधिक हाइड्रोकार्बन की खोज की हैं। इनमें से उल्लेखनीय हैं पश्चिमी तट के अपतटीय क्षेत्र में सूर्यमणि और वज्रमणि कुएं और पूर्वी तट के गहरे पानी में उत्कल और कोणार्क क्षेत्र। इन खोजों से भारत के भंडार में 75 एमएमटीओई और 2,700 एमएमएससीएम गैस की वृद्धि हुई है।

वैश्विक बड़ी कंपनियों के साथ सहयोग लाभकारी सिद्ध हो रहा है। बीपी के साथ ओएनजीसी की साझेदारी से मुंबई हाई से तेल के लिए 44 प्रतिशत और गैस के लिए 89 प्रतिशत उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में एक डेटा सेंटर अब अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत के अन्वेषण डेटासेट तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है।

डाउनस्ट्रीम बुनियादी ढांचे में समानांतर विस्तार हुआ है। भारत अब 24,000 किलोमीटर उत्पाद पाइपलाइनों, लगभग 96,000 खुदरा दुकानों का संचालन करता है और इसने अपने रणनीतिक भंडार और एलपीजी भंडारण को काफी मजबूत किया है। 67 मिलियन से अधिक लोग प्रतिदिन पेट्रोल पंपों पर जाते हैं और यह भारत के ईंधन आपूर्ति इको-सिस्टम की व्यापकता और दक्षता का प्रमाण है।

भारत का शहरी गैस नेटवर्क वर्ष 2014 में 55 भौगोलिक क्षेत्रों से बढ़कर वर्ष 2025 में 307 हो गया है, जिसमें पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ हो गए हैं और 7,500 से अधिक सीएनजी स्टेशन चालू हैं। एकीकृत पाइपलाइन शुल्क और शहरी गैस विस्तार ने दूरदराज के राज्यों में भी सस्ती पहुंच सुनिश्चित की है। जैव ईंधन भारत की हरित रणनीति का आधार बन चुका है। पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण 2013 के 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 19.7 प्रतिशत हो गया है। मिश्रण की मात्रा 38 करोड़ लीटर से बढ़कर 484 करोड़ लीटर हो गई है। इससे 1.26 लाख करोड़ विदेशी मुद्रा की बचत हुई, 643 लाख मीट्रिक टन उत्सर्जन कम हुआ और डिस्टिलर्स को 1.79 लाख करोड़ रुपए और किसानों को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हुआ।

फीडस्टॉक विविधीकरण- गुड़ से लेकर मक्का की मदद से मजबूत इथेनॉल इको-सिस्टम तैयार किया गया है। समानांतर रूप से, एसएटीएटी पहल ने 100 से अधिक संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को चालू किया है और वर्ष 2028 तक 5 प्रतिशत सीबीजी मिश्रण अधिदेश का लक्ष्य रखा है। बायोमास खरीद और सीबीजी-पाइपलाइन कनेक्टिविटी के लिए केंद्रीय समर्थन सर्कुलर ऊर्जा अपनाने में तेजी ला रहा है। 8.62 लाख टन उत्पादन और 3,000 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर टेंडर के साथ ग्रीन हाइड्रोजन को व्यापक पर बढ़ावा दिया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियां आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं और आईओसीएल ने हाल ही में लार्सन एंड टुब्रो को अपनी पानीपत रिफाइनरी के लिए एक ऐतिहासिक 10 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन टेंडर दिया है। बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेल भी बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन परियोजनाओं के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जबकि असम में एनआरएल की ग्रीन हाइड्रोजन इकाई पूर्वोत्तर में प्रथम बनने की ओर अग्रसर है। भारत का प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क अब 25,000 किमी से अधिक विस्तारित हो चुका है और वर्ष 2030 तक इसके 33,000 किमी तक पहुंचने का लक्ष्य है। रणनीतिक मूल्य निर्धारण सुधार और परिवहन एवं घरेलू क्षेत्रों के लिए 'नो कट' श्रेणी में गैस को शामिल करने से आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित हो रही है। गैस उत्पादन वर्ष वर्ष 2020-21 में 28.7 बीसीएम से लगातार बढ़कर वर्ष 2023-24 में 36.4 बीसीएम हो गया है और इसमें और वृद्धि का अनुमान है। किसी अन्य देश ने अपने 'सिस्टम' में भारत जितना बड़ा बदलाव नहीं किया है, जैसा कि तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन अधिनियम 2024 से पता चलता है, जिसने हाइब्रिड पट्टों को सक्षम किया है और इससे हाइड्रोकार्बन के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा की अनुमति मिलती है। डीएसएफ क्षेत्र अब न्यूनतम अनुपालन बोझ के साथ सरलीकृत अनुबंधों के अंतर्गत कार्य करते हैं।

पीएम गति शक्ति के माध्यम से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 1 लाख से अधिक संपत्तियों और पाइपलाइनों का डिजिटल रूप से मानचित्रण किया है। राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ एकीकरण से मंत्रालयों में वास्तविक समय की परियोजना दृश्यता और तालमेल सुनिश्चित होता है। भारत-नेपाल पाइपलाइन और समृद्धि उपयोगिता गलियारे जैसी प्रमुख परियोजनाओं को मार्ग अनुकूलन और 169 करोड़ रुपए से अधिक की लागत बचत का लाभ मिला है। वहनीयता इसके केंद्र में बनी हुई है। वैश्विक एलपीजी की कीमतों में 58 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, पीएमयूवाई लाभार्थी प्रति सिलेंडर 553 रुपये का भुगतान करते हैं, जिसे लक्षित सब्सिडी और तेल कंपनियों को क्षतिपूर्ति से समर्थन मिलता है। भारत में ईंधन की कीमतों को उत्पाद शुल्क में कटौती के माध्यम से स्थिर रखा गया है, जिससे नागरिकों को पड़ोसी देशों में देखी जाने वाली अस्थिरता से बचाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व में ग्यारह वर्ष के पश्चात, भारत का ऊर्जा क्षेत्र अब चिंतामुक्त क्षेत्र की श्रेणी में आ चुका है। यह अब आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और रणनीतिक दूरदर्शिता से पहचाना जाता है। ऊर्जा केवल एक वस्तु नहीं है, यह संप्रभुता, सुरक्षा और सतत विकास की उत्प्रेरक है।

## वर्ग पहेली नं. 3113

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | |
| ■ | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | | | ■ | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 | ■ | 20 | | |
| ■ | 21 | | ■ | 22 | | 23 | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 24 | | ■ | 25 | | 26 | |
| 27 | | 28 | | ■ | 29 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 30 | | | | ■ | 31 | | |

*बायें से दायें:-* 1) औलाद, 3) छोटा, 5) व्यक्तिगत, 6) महसूल की चोरी; *स्मगलिंग*, 7) देशस्तरीय, 8) निकम्मा; निरर्थक, 9) अँगूठा, 10) नियंत्रण; स्वामित्व, 12) बिछौना, 14) कंठस्थ, 16) आरोग्यलाभ; सांत्वना, 18) दुष्ट, 20) चंगुल; दबोच, 21) मानक; विकासअवस्था, 22) कौआ, 24) संकट, 25) गिराना, 27) नियमबाह्यता, 29) भट्ठी में पकाया हुआ; *रोस्टेड*, 30) रंगढंग; चरित्र; आचरण, 31) अनुमान.

*ऊपर से नीचे:-* 2) अस्तव्यस्त, 3) छोटा चाकू, 4) क़ैदख़ाना, 5) स्वाद, 8) दीन और निस्सहाय, 11) क़साईख़ाना, 13) चौकीदार, 15) डग *(घोड़ा)*, 17) दख़लंदाज़ी, 19) विनाश, 23) मनगढंत या कपोल-कल्पित बात, 24) परिवर्तन, 26) कृष्ण, 27) दरख्वास्त, 28) वाणी, 29) ग़लती.
*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ष | म | ता | ■ | प | ह | ला | ■ | म |
| भू | ■ | ■ | ब | स | र | ■ | न | का | र |
| ति | ल | क | ■ | मा | शू | क़ | ■ | ■ | म्म |
| ■ | ■ | म | क्खा | न | ■ | ह | र | क | त |
| स | बे | रा | ■ | ■ | भा | र | ■ | बा | ■ |
| ■ | शु | ■ | दू | भ | र | ■ | त | ब | ला |
| स | मा | न | ता | ■ | त | स | ल्ली | ■ | ■ |
| ह | र | ■ | वा | ह | ■ | म | न | सू | बा |
| ना | ■ | अ | स | र | दा | र | ■ | खा | ल |

## सुडोकू-पहेली-3070

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 9 | | 2 | | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | 3 | 1 | | | 9 | | |
| | 8 | | 6 | | | | | |
| | | | | 2 | 1 | 5 | 7 | |
| | | | | 5 | 9 | | 4 | |
| 1 | 9 | | | 7 | 2 | | | |
| | | 4 | | | 6 | | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3069 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 6 |

# बिना लाइसेंस के पुरानी गाड़ियों की नहीं होगी खरीद-बिक्री

❑ **नए लाइसेंस के लिए प्रत्येक कारोबारी को 25 हजार रुपये का शुल्क लगेगा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के परिवहन विभाग ने पुरानी गाड़ियों की खरीद-बिक्री के मामले में सख्त रुख अपनाया है। यानी अब कोई भी कारोबारी पुराने वाहनों की खरीद-बिक्री का काम करता है तो उसके लिए उसे परिवहन विभाग से लाइसेंस लेना होगा। परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती के नेतृत्व में पुरानी गाड़ियों की खरीद-बिक्री से जुड़े कारोबारियों के साथ एक बैठक आयोजित की।



उक्त बैठक में बताया गया कि अगले जून से पुरानी कारों की खरीद-बिक्री का कारोबार शुरू करने के लिए परिवहन विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। साथ ही, कारोबार में जिन कई नीतियों का पालन करना होगा, उनकी भी जानकारी दी गई है। परिवहन विभाग की ओर से दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस नए लाइसेंस को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक व्यापारी को 25 हजार रुपये की एकमुश्त जमा राशि जमा करनी होगी।

परिवहन विभाग के अनुसार, यह नया नियम पुराने यात्री वाणिज्यिक वाहनों, बसों, मिनी बसों, टैक्सी कैब और ऑटो की खरीद-बिक्री के लिए प्रभावी होगा। इसके अलावा, उन व्यापारियों के पास गैरेज होना अनिवार्य है। गाड़ियों को स्टोर करने के लिए एक बड़ी जगह भी होनी चाहिए। हाल ही में, परिवहन विभाग को पता चला कि उनके पास जो सूची है, उसमें केवल 39 कंपनियां हैं जो पुरानी कारों की खरीद-बिक्री के कारोबार में हैं। लेकिन वास्तव में, हजारों कंपनियां न केवल कोलकाता शहर में, बल्कि उपनगरों और विभिन्न जिलों में भी इस तरह का कारोबार कर रही हैं। उसके बाद, परिवहन विभाग के अधिकारियों ने एक बैठक में बैठकर इस मामले को परिवहन मंत्री के ध्यान में लाया। उसके बाद, परिवहन विभाग ने इस नए नियम को लागू करने के लिए मंजूरी की मुहर लगा दी। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने आज कहा कि अब तक राज्य सरकार के पास पुरानी कारों की खरीद-फरोख्त को लेकर कोई सटीक जानकारी और हिसाब-किताब नहीं था। अगर इस नए नियम का पालन किया जाता है तो कौन सी कार कहां जा रही है, किसका मालिकाना हक बदल रहा है आदि का साफ हिसाब-किताब होगा। ऐसे में सारा हिसाब-किताब परिवहन विभाग के पोर्टल पर दिया जाएगा। नतीजतन, अगर कोई पुरानी कारों के बारे में कोई जानकारी जानना चाहेगा तो आसानी से पा सकेगा।

## अलीपुर बॉडीगार्ड लाइन में 10 दिन से लापता पुलिस कर्मी का मिला सड़ा-गला शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के अलीपुर बॉडीगार्ड लाइन के नंबर 4 बैरक में एक पुलिसकर्मी का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक का नाम सुखलाल मर्मू है। वह 10 दिन से लापता था। सुखलाल पुरुलिया जिले के मानबाजार के पेड्डा हरिपुर गांव का निवासी था। जानकारी के अनुसार, वह पुलिसकर्मी तीसरे बटालियन में तैनात था और 26 मई से लापता था। जिसके बाद 28 मई को उसके लापता होने की लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई। उसकी तलाश कई जगहों पर की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद, बुधवार को अलीपुर बॉडीगार्ड लाइन के चौथे मंजिल की सीढ़ी की खिड़की में गले में फंदा लगाकर सुखलाल शव मिला। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि यह



मामला आत्महत्या का हो सकता है। मृतक के सामान से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जांच में यह भी पता चला है कि दुर्घटना से पहले उसके बाएं हाथ में चोट लगी थी, जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान था। शव के कई हिस्सों में सड़न के निशान पाए गए हैं, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि उसकी मौत कुछ दिन पहले हुई होगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक मामले में कोई निश्चित बयान नहीं दिया जा सकेगा।

### बंगाल में फिर तेजी से बढ़ रहा कोरोना, 24 घंटे में मिले 60 नए मरीज

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में कोरोना संक्रमण एक बार फिर तेजी से पांव पसारता दिख रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में बीते 24 घंटों के भीतर कोविड-19 के 60 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 432 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 28 मरीजों ने बीमारी से पूरी तरह से उबरने की भी पुष्टि की है। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस दौरान मृतकों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ और कुल मृतकों की संख्या अब भी एक पर स्थिर बनी हुई है।

**अलीपुरद्वार मंडल के अंतर्गत इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. 24/W-2/APDJ; दिनांक: 30-05-2025।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं:** 06-AP-III-2025। **कार्य का नाम:**-''सीनि. डीईएन/III/अलीपुरद्वार जं. के अंतर्गत ब्रॉडगेज 60 किग्रा 52 किग्रा रेल के लिए फैब्रिकेशन, असेंबली इन सिटू जी-3एल टाइप ग्लूड इंसुलेटेड ज्वाइंट्स''। निविदा मूल्य: ₹92,52,379.20; धरोहर राशि: ₹1,85,100.00। ई-निविदा 23-06-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 23-06-2025 को 15:30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम ( कार्य ), अलीपुरद्वार जं.

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### 12 दिनों में रंग मिस्त्री के खाते में करीब 1.70 करोड़ रुपये का लेनदेन, छह गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैंक खाता खोलने के 12 दिनों के अंदर एक रंग मिस्त्री के खाते में करीब 1.70 करोड़ रुपये के लेनदेन की जांच में उतरी निमता थाने की पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के नाम सौरभ कर (24), प्रसून दास (22), शुभंकर सरकार, राजा लोहार, प्रियब्रत घोष, सुरंजन सरकार हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत मंगलवार को निमता थाने को सूचना मिली कि छात्र समाज क्लब से सटे डाक्टर बागान के पास रंग मिस्त्री सौरभ कर के घर में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो रहा है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और देखा कि सौरभ और प्रसून एक महिला के साथ वहां मौजूद थे। उन्हें पता चला कि सौरभ सुरंजन सरकार के अधीन रंग मिस्त्री का काम करता था। काम के जरिए ही उसकी मुलाकात प्रसून और बाकी गिरफ्तार लोगों से हुई थी। पैसों के बदले में अन्य गिरफ्तार लोगों ने उससे कई बैंकों में खाते खोलने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड समेत जरूरी दस्तावेज ले लिए। आरोप है कि इसके बाद से ही प्रियव्रत, राजा और सुरंजन अक्सर उससे नकदी के बदले खाली चेक पर हस्ताक्षर करवाते थे। खाली चेक पर हस्ताक्षर के बदले इस पैसे के भुगतान को लेकर उस दिन विवाद हो गया था। तब सौरव ने खुद स्वीकार किया कि उसके खाते में हाल ही में भारी मात्रा में लेन-देन हुआ है। पुलिस ने जब उस बैंक खाते का ब्योरा खंगाला तो पता चला कि वह खाता 23 मई को खोला गया था। इस दौरान उस खाते में 1.68 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा हो चुकी थी। जांच के बाद पुलिस को पता चला कि यह पूरी रकम साइबर ठगी की रकम थी। इसके बाद, पुलिस ने पहले सौरव और प्रसून को गिरफ्तार किया और बाद में बाकी लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों को बुधवार को जब बैरकपुर अदालत में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने पांच दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया।

## राज्य सरकार ने कर्मचारियों की छुट्टियों पर लगे प्रतिबंध को हटाया

**ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सरकारी कर्मियों की छुट्टियां की गई थी रद्द**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करने का फैसला किया था। लेकिन तमाम आलोचनाओं के बाद उक्त फैसले को वापस ले लिया गया। राज्य सचिवालय नवान्न में वित्त विभाग ने बुधवार को एक नई अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करने के संबंध में 7 मई को दिया गया आदेश फिलहाल स्थगित किया जा रहा है। अगले आदेश तक यह स्थगित रहेगा। बता दे कि गत सप्ताह भारत-पाक सीमा पर तनावपूर्ण हालात



के मद्देनजर नवान्न की ओर से एक सख्त आदेश जारी किया गया था, जिसमें सभी राज्य सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं। केवल शारीरिक रूप से अस्वस्थ कर्मचारियों को ही, वह भी वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति से, छुट्टी लेने की छूट दी गई थी। इसके साथ ही कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल से दूर जाने की भी मनाही थी। आदेश में यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि कर्मचारियों को वहीं डटे रहना होगा जहां उनकी पोस्टिंग है। अब जबकि हालात सामान्य हो रहे हैं, राज्य सरकार ने यह फैसला लिया है कि सरकारी कर्मचारी पुनः आवश्यकता अनुसार छुट्टियों का लाभ उठा सकते हैं। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने पुष्टि की है कि यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होगा और अब किसी प्रकार की विशेष अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, सिवाय नियमित प्रक्रिया के।

### सोनारपुर में इलाज में लापरवाही से महिला मरीज की मौत, अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

सोनारपुर इलाके के एक निजी अस्पताल में इलाज में कथित लापरवाही के कारण एक महिला मरीज की मौत हो गई। मृतका की पहचान सावित्री गायेन कीर्तनिया (55) के रूप में हुई है। महिला को रविवार को गॉलब्लैडर की सर्जरी के लिए सोनारपुर तेमाथा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को उनका ऑपरेशन हुआ, लेकिन मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। मरीज के परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल ने सावित्री देवी के इलाज में लापरवाही बरती, जिसके कारण उनकी जान चली गई। ऑपरेशन के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्हें सीसीयू में स्थानांतरित किया गया। परिजनों का सवाल है कि जब अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग ही नहीं था, तो गंभीर स्थिति में उन्हें किसी अन्य अस्पताल में रेफर क्यों नहीं किया गया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि ऑपरेशन के बाद कोई भी डॉक्टर मरीज को देखने नहीं आया और मंगलवार को जब उनकी तबीयत बिगड़ती गई, तब भी इलाज के लिए कोई चिकित्सक आगे नहीं आया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(साधारण)/ पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं **क्रम सं. 1, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1214-2025-26-आर, कार्य का विवरण:** लिफ्ट कार्य-सियालदह मंडलः मुर्शिदाबाद स्टेशन पर 01 लिफ्ट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 14,99,450/-, **बयाना राशि:** रु. 30,000/-, **समापन अवधि:** 09 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1215-2025-26-आर, कार्य का विवरण:** निम्नलिखित कार्य के लिए विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था- सियालदह मंडलः मुर्शिदाबाद स्टेशन पर 01 लिफ्ट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,09,990/-, **बयाना राशि:** रु. 6,200/-, **समापन अवधि:** 09 माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1216-2025-26-आर, कार्य का विवरण:** "नारकेलडांगा कारशेड में ऑटोमेटिक कोच वॉशिंग प्लांट का प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 5,47,411/-, **बयाना राशि:** रु. 11,000/-, **समापन अवधि:** 08 माह। **क्रम सं. 4, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1233-2025-26, कार्य का विवरण:** एसएसई/ई/जी/नैहाटी के अधीन एक (01) वर्ष के लिए नैहाटी रिवर साइड पंप के रखरखाव और परिचालन के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 14,15,572/-, **बयाना राशि:** रु. 28,300/-, **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00 (प्रत्येक हेतु)। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 25.06.2025 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 25.06.2025 को 14.00 बजे के बाद। **निविदा बोली के प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 11.06.2025, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-78/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. : एलआरडब्ल्यू-4-सीसीटीवी-300-2025,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बीजीबी, बोगी मैन्यूफैक्चरिंग फैक्टरी, 88/1, अधर दास रोड, बजबज, कोलकाता-700137 द्वारा **निविदा सं. एलआरडब्ल्यू -4-सीसीटीवी-300-2025** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** इंटीग्रेटेड सिक्यूरिटी सर्विलांस सिस्टम सर्विस की आपूर्ति एवं स्थापना। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 99,10,718/-, **बयाना राशि:** रु. 1,98,200/-**निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **बोली प्रणाली :** एक पैकेट प्रणाली। **समापन अवधि:** 4 माह। **प्रस्ताव की वैधता : 90 दिन। निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 02.06.2025 को 15.59 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 10.06.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.06.2025 को 12.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

MISC-83/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## उत्तर बंगाल में भारी बारिश से भारी नुकसान, नवान्न ने सचिवों की टीम भेजी सर्वेक्षण के लिए

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तरबंगाल में मानसून की दस्तक के साथ ही लगातार हो रही भारी बारिश ने कई इलाकों में तबाही मचा दी है। तिस्ता समेत कई नदियाँ उफान पर हैं, जिससे क्षेत्र में भारी क्षति हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राज्य सचिवालय नबान्न ने एक उच्च स्तरीय अधिकारी दल को उत्तरबंगाल के जिलों में भेजने का निर्णय लिया है।

इस आठ सदस्यीय टीम का नेतृत्व उत्तरबंगाल विकास विभाग के सचिव करेंगे। इस टीम में कृषि विभाग, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी



विभाग के सचिव और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

टीम दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, अलीपुरद्वार, कूचबिहार और जलपाईगुड़ी जिलों का दौरा कर वहां हुए वास्तविक नुकसान की समीक्षा करेगी।

**इस दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर सर्वेक्षण किया जाएगा:**

❑ नदियों के किनारे बने बांधों को हुए नुकसान की जांच
❑ ग्रामीण इलाकों में घर और संपत्ति के नुकसान का आकलन
❑ जलभराव के कारण डेंगू जैसी बीमारियों की आशंका
❑ स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति

टीम सर्वेक्षण के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर नबान्न को सौंपेगी, ताकि आगे की राहत और पुनर्वास योजनाएं प्रभावी रूप से बनाई जा सकें।

नबान्न सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार उत्तरबंगाल में हालात को लेकर बेहद गंभीर और सतर्क है, और समय रहते हर आवश्यक कदम उठाने के प्रयास कर रही है।

### दक्षिण बंगाल में गरज के साथ बौछारें पड़ने तथा उत्तर में भारी वर्षा का अनुमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अनुमान लगाया है कि शुक्रवार सुबह तक दक्षिण बंगाल जिलों में बादल गरज सकते हैं एवं हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है, जबकि जबकि उप-हिमालयी जिलों में बृहस्पतिवार सुबह तक भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि कोलकाता और आसपास के साल्ट लेक में मंगलवार रात तेज बारिश हुई, जिससे न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट आई। उसने कहा कि उप-हिमालयी जिलों- दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार में बृहस्पतिवार सुबह तक भारी बारिश होने की संभावना है। उसने कहा कि बुधवार की सुबह 8.30 बजे तक 24 घंटे में दक्षिण बंगाल में



सबसे अधिक 81.3 मिमी वर्षा साल्टलेक में हुई। इस अवधि के दौरान कोलकाता के अलीपुर में 38 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दमदम में 57 मिमी बारिश हुई। कूचबिहार में पश्चिम बंगाल की सबसे अधिक 139 मिमी बारिश हुई, जबकि अलीपुरद्वार में 110.2 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 3 वर्षों के लिए मानकुंडु और अंबिकाकालना स्टेशनों पर सामान्य पे एंड यूज शौचालय के परिचालन एवं रखरखाव के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-नीलामी रेलवे बोर्ड के साल 2022 के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 एवं साल 2022 के कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग** मॉड्यूल के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-02-25आर, लॉट सं./कैटेगरी और स्टेशनः (1) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एमयूयू-टीओआई-26-25-1 और मानकुंडु (एमयूयू)। (2) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एबीकेए-टीओआई-25-25-1 और अंबिकाकालना (एबीकेए)। नीलामी की तिथि और समय** : 13.06.2025 को 14.00 बजे।

HWH-119/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### कालीगंज उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**कोलकाता, समाज्ञा :** कालीगंज उपचुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने बुधवार को अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, जिसमें कुल 34 नेताओं के नाम शामिल किए गए हैं। हालांकि, सूची में पूर्व विधायक शंकर मालाकार का नाम नहीं है, जबकि पार्टी सूत्रों के अनुसार शुरुआत में उनका नाम प्रस्तावित था। कांग्रेस की ओर से जारी स्टार प्रचारकों की सूची में अधीर रंजन चौधरी, गुलाम अहमद मीर, दीपा दासमुंशी जैसे नाम शामिल हैं। वहीं, शंकर मालाकार को हटाए जाने के बाद उनके स्थान पर युवा नेता रोहन मित्रा को सूची में जगह दी गई है। सूत्रों के अनुसार, शंकर मालाकार के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की संभावनाएं लगभग तय मानी जा रही हैं। इसी कारण उन्हें अंतिम सूची से हटा दिया गया।

## अधीर ने लगाई सेंध, कार्तिक साहा तृणमूल छोड़ वापस कांग्रेस में लौटे

❑ **50 से अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ कांग्रेस का थामा दामन**

**मुर्शिदाबाद :** राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव से पहले बुधवार को एक तरफ जहां उत्तर बंगाल में कांग्रेस के हैवीवेट नेता व पूर्व विधायक शंकर मालाकार ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा, दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने मुर्शिदाबाद में तृणमूल में सेंध लगाई। तृणमूल नेता कार्तिक साहा 50 से अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ तृणमूल छोड़कर कांग्रेस में लौट आए। पांच बार के पूर्व कांग्रेस सांसद अधीर चौधरी की मौजूदगी में उन्होंने मुर्शिदाबाद में जिला पार्टी कार्यालय में कांग्रेस का झंडा थामा। वरिष्ठ नेता कार्तिक साहा पहले




कांग्रेस में ही थे, लेकिन 2022 में वह कांग्रेस छोड़कर तृणमूल में शामिल हो गए थे। पार्टी बदलने से पहले वह शहर कांग्रेस के अध्यक्ष थे। पाला बदलने के बाद उन्हें शहर तृणमूल का उपाध्यक्ष पद दिया गया। कांग्रेस में वापसी के मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में कार्तिक साहा ने कहा कि 2022 में तृणमूल में शामिल होने के बाद नगर निगम बोर्ड के कार्यभार संभालने के बाद से उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा था। इसलिए वह अपने पुराने घर कांग्रेस में वापस लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए वह कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

### समय पर ही होगी कॉलेज का प्रवेश प्रक्रिया : ब्रात्य बसु

**कोलकाता, समाज्ञा :** हायर सेकेंडरी परीक्षा के नतीजे कुछ महीने पहले ही जारी हुए हैं। लेकिन, कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हुई है। एडमिशन पोर्टल अभी तक लॉन्च नहीं हुआ है। प्रवेश प्रक्रिया कब शुरू होगी? छात्र कॉलेज में प्रवेश के लिए कब आवेदन कर पाएंगे? इसे लेकर तरह-तरह की अटकले शुरू हो गई है। छात्र और अभिभावक चिंतित हैं। और अब शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने इस प्रवेश प्रक्रिया



को लेकर मुंह खोला है। उन्होंन छात्रों को भरोसा दिलाया कि प्रवेश पोर्टल समय पर खुल जाएगा।

**Balarampur Development Block**
P.O.-Rangadih, Dist.-Purulia, Pin-723143 (W.B.)

**NOTICE INVITING 04 NOS. E-TENDER NO. WB/BDO/BLR NIeT-02/2025-26, WB/BDO/BLR NIeT-03/2025-26, WB/BDO/BLR NIeT-04/2025-26, WB/BDO/BLR NIeT-05/2025-26, Date - 03.06.2025**

E-Tender are invited by the undersigned from the bonafied contractor for **04 nos. Construction work under Balarampur Development Block.**

Period for downloading of bid documents **04.06.2025 from 11.00 A.M. up to 17.06.2025 to 6.55 P.M.** End date of submission of bid document **up to 17.06.2025 to 6.55 P.M.** and the time & date of opening of Technical bid **on 20.06.2025 at 11.00 A.M.** The Financial bid to be notified.

For details intending participant may contact to the office of the undersigned or visit website www.wbtenders.gov.in in any working day before the last date for submission of bid documents. **Sd/-**

**Block Development Officer**
**Balarampur Development Block**

## कोरोना के साथ डेंगू भी बना चिंता का कारण! 5 महीनों में 89 मामले सामने आए

**कोलकाता :** जैसे ही मानसून दस्तक दे रहा है, मच्छर जनित रोग एक बार फिर कोलकाता नगर निगम की चिंता का कारण बन गए हैं। आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अन्य वर्षों की तुलना में डेंगू के मामलों में कुछ कमी देखी गई है, लेकिन दक्षिण कोलकाता के कई वार्डों में डेंगू का प्रभाव अब भी बना हुआ है।

डेंगू से सबसे अधिक प्रभावित चार बरो हैं-बरो 7, 10, 11 और 12।

बुधवार को 11 नंबर बरो में डिप्टी मेयर और कोलकाता नगर



निगम के स्वास्थ्य विभाग के मेयर परिषद सदस्य अतिन घोष ने एक बैठक की। नगर निगम सूत्रों के अनुसार, इस वर्ष जनवरी से मई तक 11 नंबर बरो में डेंगू के 8 मामले सामने आए हैं। वहीं, 2024 में इस समयावधि में 11 और 2023 में 8 मामले दर्ज हुए थे।

इस बैठक में 103, 104, 110, 111, 112, 113 और 114 नंबर वार्ड के काउंसलर उपस्थित थे।

हालांकि 2024 में डेंगू के मामलों में गिरावट आई थी, 2023 में स्थिति भयावह थी। उसी अनुभव के आधार पर इस वर्ष काउंसलरों को सतर्कता से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

अतिन घोष ने बताया कि विभिन्न इलाकों के निवासियों को पहले से सतर्क किया जा रहा है। यदि कोई जरूरी उपाय नहीं करता, घर के आसपास गंदगी फैलाता है और वहां लार्वा पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 496 के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

साथ ही कोलकाता नगर निगम द्वारा कचरा हटाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, जिसकी लागत संबंधित संपत्ति पर चार्ज के रूप में जोड़ी जा रही है।

कोरोना के साए में डेंगू का यह खतरा नगर निगम और नागरिकों-दोनों के लिए गंभीर चेतावनी है।



# उत्तर बंगाल में कांग्रेस को झटका, पूर्व विधायक शंकर मालाकार तृणमूल कांग्रेस में शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व कांग्रेस विधायक शंकर मालाकार बुधवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए जिससे देश की सबसे पुरानी पार्टी को राज्य के उत्तरी हिस्से में झटका लगा है। उत्तर बंगाल में अनुसूचित जाति समुदाय के एक प्रभावशाली राजनीतिक नेता और 2011 से 2021 के बीच माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी से दो बार विधायक रहे मालाकार वरिष्ठ नेताओं सुब्रत बख्शी और अरूप बिस्वास की मौजूदगी में तृणमूल में शामिल हुए। इस दिन, पूर्व कांग्रेस विधायक ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने तृणमूल में



शामिल होने का फैसला किया है क्योंकि यही एकमात्र पार्टी है जो बंगाल में भाजपा और उसकी सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ लड़ रही है। कांग्रेस छोड़ने के बारे में मालाकार ने कहा कि बंगाल में आज कांग्रेस के पास दिशा और जमीनी स्तर पर जुड़ाव का अभाव है। मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन किया जाए जो भाजपा के विभाजनकारी एजेंडे का सक्रिय रूप से विरोध कर रही है। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में कांग्रेस का प्रभाव कम हो गया है। उन्होंने कहा कि एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने दशकों तक जमीनी स्तर पर काम किया है, मैं अब बढ़ते असंतोष को अनदेखा नहीं कर सकता। मालाकार ने कहा कि वह उत्तर बंगाल में संगठन को मजबूत करने के लिए नेतृत्व के साथ मिलकर काम करेंगे। उत्तर बंगाल में अनुसूचित जाति समुदाय के बीच अपने मजबूत प्रभाव के लिए जाने जाने वाले मालाकार के तृणमूल में शामिल होने से इस क्षेत्र में पार्टी की संगठनात्मक पहुंच मजबूत होने की उम्मीद है, जहां पार्टी को जमीन हासिल करने के लिए ऐतिहासिक रूप से संघर्ष करना पड़ा है।

# रेल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 7 लाख की ठगी, आरोपी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** खुद को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बताकर एक सिविक वॉलंटियर को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देने और 7 लाख रुपये ठगने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मध्यमग्राम निवासी सुभ्रत पाल के रूप में हुई है। उसे मंगलवार रात गिरफ्तार कर बुधवार को बैरकपुर अदालत में पेश किया गया, जहां पुलिस ने उसे हिरासत में लेने की अर्जी दी। जानकारी के अनुसार, नारायणपुर थाने में तैनात एक सिविक वॉलंटियर ने 28 मई को शिकायत दर्ज कराई थी कि सुभ्रत पाल ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर पूर्व रेलवे में नौकरी दिलाने का वादा किया और पांच बार में उससे कुल सात लाख रुपये वसूले। आरोपी



ने उसे एक अपॉइंटमेंट लेटर भी दिया और चितपुर रेलवे साइडिंग में काम पर लगवा दिया, जहां शिकायतकर्ता ने करीब सात दिन तक काम भी किया। शिकायतकर्ता के अनुसार, सुभ्रत ने यह आश्वासन भी दिया था कि भविष्य में उसकी पोस्टिंग सियालदह रेलवे कार्यालय में करवा देगा। हालांकि आठवें दिन जब वह रेलवे कार्यालय पहुंचा, तो उसे अंदर जाने से रोक दिया गया। जब उसने अपॉइंटमेंट लेटर दिखाया, तो उसे फर्जी बताया गया। इसके बाद पीड़ित ने नारायणपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

### मीशो मॉल ने पीएंडजी, एचयूएल और हिमालया जैसी बड़ी कंपनियों के साथ करी साझेदारी

**कोलकाता :** मीशो ने दुनिया की कुछ बड़ी पर्सनल केयर कंपनियों के साथ साझेदारी कर अपने पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की रेंज को बढ़ाया है। इसका मकसद है देशभर के ग्राहकों तक उनके पसंदीदा ब्यूटी और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स को और भी आसानी से पहुंचाना। इसमें प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पीएंडजी) इंडिया शामिल है, जिसमें पैम्पर्स, व्हिस्पर, हेड एंड शोल्डर्स, पैंटीन और जिलेट जैसे ब्रांड आते है। साथ ही हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) भी शामिल है, जो पॉण्ड्स, डव, वैसलीन, एले 18, सनसिल्क, क्लिनिक प्लस, इंदुलेखा, पीयर्स, लक्स और ट्रेसेमी जैसे प्रोडक्ट्स पेश करता है। इसके अलावा हिमालया ब्रांड भी इस साझेदारी का हिस्सा है।

# तालाब में नहाने गए सात दोस्तों में से तीन लापता

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिले के सोनामुखी थाना क्षेत्र के तालाब में सात युवक नहाने के लिए उतरे और अचानक तेज बहाव में बहने लगे। इनमें से चार युवकों को स्थानीय लोगों ने समय रहते बचा लिया, लेकिन तीन युवक अब भी लापता हैं। यह हादसा मिली जानकारी के अनुसार, ये सभी युवक पश्चिम वर्दवान के कांकसा इलाके से पिकनिक मनाने रणडिहा आए थे। बताया जा रहा है कि सभी ने शराब पी रखी थी और नशे की हालत में ही जलाशय में उतर गए। कुछ ही देर में तेज धारा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय मछुआरों और ग्रामीणों ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और चार को बचा लिया गया, लेकिन सुरजीत विश्वास, जितु अधिकारी



और अभिजीत गायेन नामक तीन किशोर पानी में लापता हो गए। तीनों की उम्र करीब 17 साल है। घटना के बाद सोनामुखी और बुदबुद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया गया। इसके अलावा आपदा प्रबंधन बल को भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया है। पुलिस इस हादसे की जांच कर रही है।

# जादवपुर विश्वविद्यालय के एफईटीएसयू यूनियन रूम में तोड़फोड़, कैंपस में तनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के छात्र संगठन एफईटीएसयू के यूनियन रूम में बुधवार सुबह भारी तोड़फोड़ का पता चला। बताया जा रहा है कि रात के अंधेरे में कुछ अज्ञात लोगों ने कमरे में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि हमलावर कौन थे और इस हमले की वजह क्या थी। घटना को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी आक्रोश है, और उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। बुधवार सुबह, एक स्नातक छात्र जब हॉस्टल से अपने घर जा रहा था, तो उसने देखा कि यूनियन रूम पूरी तरह से अस्त-व्यस्त पड़ा है। कुर्सियां-टेबल बिखरी हुई थीं, अलमारियां टूटी पड़ी थी और कागज-पत्र जमीन पर फैले थे। पूरे




कमरे में तोड़फोड़ और बर्बादी का मंजर साफ झलक रहा था। छात्र ने इसका वीडियो बनाकर तुरंत अन्य छात्रों को जानकारी दी। अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर यह हमला किसने किया और क्यों किया गया। क्या रात में किसी ने कमरे में हो रही तोड़फोड़ की आवाज नहीं सुनी? इस पर भी चर्चा हो रही है। विश्वविद्यालय के गेट नंबर 4 के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ संदिग्ध लोगों की तस्वीरें कैद हुई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्र इस मामले की गहराई से जांच की मांग कर रहे हैं।

# नियुक्ति पत्र मिलने के बाद भी नहीं जॉइन कर रहे शिक्षक! 500 से अधिक अभ्यर्थियों ने नहीं संभाली नौकरी

**कोलकाता :** हाईकोर्ट के निर्देश के बाद 2024 से ही चल रही है उच्च प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि लगभग 500 से अधिक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र मिलने के बावजूद स्कूल में जॉइन नहीं किया।

स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) सूत्रों के अनुसार, कई उम्मीदवारों ने काउंसलिंग में हिस्सा लिया, नियुक्ति पत्र भी प्राप्त किया, लेकिन फिर भी वे स्कूल में शामिल नहीं हुए। उन्होंने इस फैसले की जानकारी स्वयं आयोग को भी दे दी है।

बताया जा रहा है कि इनमें से अधिकतर उम्मीदवारों की नियुक्ति सुंदरबन और उत्तर बंगाल जैसे दूरद-राज के क्षेत्रों के स्कूलों में हुई थी। यही वजह है कि अधिकांश ने जॉइन करने से इनकार कर दिया।

स्कूल सेवा आयोग का मानना है कि प्रत्यंत इलाकों में पोस्टिंग मिलने की वजह से शिक्षक पद की ओर से रुचि कम हो रही है। अभ्यर्थियों की यह भी शिकायत है कि उन्हें मनपसंद स्कूल नहीं मिला, इसलिए वे जॉइन नहीं कर रहे।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष से ही हाईकोर्ट के आदेश के तहत उच्च प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब यह संकट उठ खड़ा हुआ है कि दूरवर्ती इलाकों में पोस्टिंग मिलने पर शिक्षक नियुक्त होने के बावजूद कार्यभार ग्रहण नहीं कर रहे हैं।

यह स्थिति राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक नई चुनौती बनकर सामने आई है।

# भीषण गर्मी में बदले स्कूल के समय! बिना अनुमति के फैसला लेने पर प्राइमरी शिक्षा बोर्ड ने दिखाया सख्त रुख

**कोलकाता :** चल रही तीव्र गर्मी को देखते हुए कुछ जिलों में प्राइमरी स्कूलों के समय में एकतरफा बदलाव करने पर अब राज्य प्राथमिक शिक्षा परिषद ने सख्त रुख अपनाया है।




बोर्ड की ओर से राज्य के विभिन्न जिलों के डिस्ट्रिक्ट प्राइमरी स्कूल काउंसिल (डीपीएससी) के चेयरमैनों को एक स्पष्ट एडवाइजरी जारी की गई है।

इस एडवाइजरी में साफ निर्देश दिया गया है कि बिना उच्च अधिकारियों की अनुमति के किसी भी स्थिति में स्कूल के समय में बदलाव नहीं किया जा सकता। एडवाइजरी में संबंधित कानून और बोर्ड के नियमों का हवाला भी दिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, पुरुलिया, पूर्व मेदिनीपुर और बांकुड़ा जैसे जिलों के डीपीएससी चेयरमैनों ने स्थानीय स्तर पर स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया था। कई जिलों में कक्षाएं सुबह 6:30 से 9:00 बजे तक चलाने का निर्देश दिया गया था।

लेकिन इस फैसले को राज्य प्राथमिक शिक्षा परिषद ने मान्यता नहीं दी है। परिषद का कहना है कि इतना महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले शिक्षा विभाग और उच्च अधिकारियों से अनुमति लेना अनिवार्य है।

यह घटना प्रशासनिक अनुशासन और समन्वय के आवश्यकता को एक बार फिर उजागर करती है, खासकर जब विद्यार्थियों की सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर निर्णय लिया जा रहा हो।

# पूर्व रेलवे ने 55 एलएचएस का निर्माण पूरा कर बढ़ाई सुरक्षा और कनेक्टिविटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने जनता की सुरक्षा और सड़क-रेल संपर्क को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) निर्माण कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया है। एलएचएस निर्माण से सड़क और रेलवे ट्रैफिक के सीधे संपर्क को समाप्त किया जाता है, जिससे दोनों की आवाजाही अधिक सुरक्षित और सुगम होती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पूर्व रेलवे के चारों डिवीजनों में कुल 45 एलएचएस सफलतापूर्वक बनाए गए। इनमें सियालदह डिविजन में 8, हावड़ा डिविजन में 13, आसनसोल डिविजन में 9 और मालदा डिविजन में 15 एलएचएस शामिल हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी यह कार्य जारी है और 1 अप्रैल से अब तक 10 और एलएचएस पूरे किए जा चुके हैं। जिनमें सियालदह में 2, हावड़ा में 1 और मालदह में 7 एलएचएस शामिल हैं। सभी परियोजनाएं मिशन मोड में चलाई जा रही हैं, जिनमें इंजीनियरिंग टीमें तेजी से काम कर रही हैं और जनता की असुविधा को न्यूनतम रखने के लिए अस्थायी डायवर्जन व सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आईएफसी के साथ की साझेदारी

**कोलकाता :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सतत वित्तीय प्रणालियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत बैंक एक व्यापक क्लाइमेट रिस्क एडवायजरी प्रोग्राम शुरू करेगा। इस पहल के माध्यम से एयू एसएफबी अपनी गवर्नेंस प्रणाली, रणनीतिक योजना, रिस्क मैनेजमेंट प्रक्रियाओं और ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) प्रकटीकरण में क्लाइमेट रिस्क को एकीकृत करेगा - जो वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और उभरती नियामक अपेक्षाओं के अनुरूप है। यह सहयोग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया क्लाइमेट डिस्क्लोजर गाइडलाइंस और वैश्विक ढांचे जैसे टास्क फोर्स ऑन क्लाइमेट-रिलेटेड फाइनेंशियल डिस्क्लोजर (टीसीएफडी) के अनुरूप भी है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हम दोहराते हैं कि समावेशी विकास का मार्ग तभी सार्थक है जब वह टिकाऊ हो। आईएफसी के साथ यह साझेदारी एयू एसएफबी की स्थिरता यात्रा में एक रणनीतिक मोड़ है।

### मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड (एमओएमएफ) जारी करते हैं 'मोतीलाल ओसवाल बीएसई 1000 इंडेक्स फंड'

**कोलकाता :** मोतीलाल ओसवाल म्यूचूअल फंड (एमओएमएफ) ने अपने नवीनतम फंड ऑफर 'मोतीलाल ओसवाल बीएसई 1000 इंडेक्स फंड की शुरुआत की घोषणा की है। यह फंड एक ओपन-एंडेड फंड है जो बीएसई1000 टोटल रिटर्न इंडेक्स, जो शीर्ष 1000 सूचीबद्ध कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है, का अनुसरण करता है - जो एक ही इंडेक्स में व्यापक बाज़ार प्रतिनिधित्व प्रदान करता है। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी ('एमओएएमसी') के पैसिव कारोबार प्रमुख प्रतीक ओसवाल कहते हैं:हमें बीएसई 1000 टोटल रिटर्न इंडेक्स को ट्रैक करने वाला भारत का पहला इंडेक्स फंड लॉन्च करने पर गर्व है, जो निवेशकों को भारत के सबसे बड़े और सबसे समावेशी इक्विटी इंडेक्स तक पहुंच प्रदान करता है। इस फंड का लक्ष्य 22 क्षेत्रों में बड़ी, मध्यम, छोटी और माइक्रो-कैप कंपनियों में फैली 1,000 कंपनियों के प्रदर्शन को कैप्चर करना है।

### आईसीएल फिनकॉर्प ने पश्चिम बंगाल में रखे कदम, इस साल 50 शाखाएं खोलेंगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण भारत की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंसियल कंपनी (छइऋ), आईसीएल फिनकॉर्प लिमिटेड ने अब पूर्वी भारत में विस्तार करते हुए पश्चिम बंगाल में अपनी पहली शाखा की शुरुआत की है। कोलकाता के अतघरा पिनैकल, चिनार पार्क में स्थित इस शाखा का उद्घाटन कंपनी के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर एडवोकेट के. जी. अनिलकुमार ने किया। इस मौके पर सीईओ उमा अनिलकुमार, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. राज्यश्री अजित और डायरेक्टर ई. के. हरिकुमार भी मौजूद रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनिलकुमार ने बताया कि कंपनी इस वित्तीय वर्ष में राज्य में 50 शाखाएं खोलने की योजना बना रही है, जिनमें से 10 कोलकाता में होंगी। कंपनी झारखंड और बिहार में भी कदम रखने की तैयारी में है। आईसीएल फिनकॉर्प वर्तमान में 9 राज्यों में 300 से अधिक शाखाओं के साथ कार्यरत है और विभिन्न ऋण सेवाओं के साथ-साथ यात्रा और बीमा सेवाएं भी प्रदान करती है।

# हावड़ा डिविजन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त अभियान को दी गति

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिविजन ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें थीम के तहत 4 जून को कई पर्यावरणीय पहलें जारी रखीं। दिन का मुख्य आकर्षण एसीडब्ल्यूपी यूनिट में जल पुनर्चक्रण प्रणाली का निरीक्षण रहा। इस निरीक्षण का उद्देश्य जल पुन: उपयोग प्रणाली की दक्षता और स्थायित्व का मूल्यांकन करना था। हावड़ा डिविजन ने सभी रेलवे इकाइयों में जल संरक्षण और पुनर्चक्रण को आवश्यक बताया, जिससे पानी की बर्बादी को कम किया जा सके और उद्योगों में टिकाऊ प्रक्रियाएं अपनाई जा सकें। इसके साथ ही, विभिन्न स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को रिफिलेबल



पानी की बोतल लाने और उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। यात्रियों को सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने वाले संदेश भी प्रसारित किए गए।

# श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा का वार्षिक समारोह 'अग्रोत्सव 2025' हर्षोल्लास के साथ संपन्न

❑ **हर युवा पूरी लगन के साथ शिक्षार्जन करे : अरूप राय**

**हावड़ा, समाज्ञा :** 'आज के युवा ही भावी राष्ट्र निर्माता हैं और उन्हेंइस बात को ध्यान में रखते हुए पूरी लगन के साथ शिक्षार्जन करते हुए अपना लक्ष्य हासिल करना चाहिए'। यह उद्गार राज्य के खाद्य प्रसंस्करण मंत्री अरूप राय ने हावड़ा शरत सदन में आयोजित श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा के वार्षिक समारोह 'अग्रोत्सव-2025' के अवसर पर कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा के इस संकल्प को कि 'हर छात्र को है उच्च शिक्षा का अधिकार' की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि इसके चैयरमैन महावीर प्रसाद सराफ ने एक अभिभावक के रूप में इस कॉलेज को आज जिस मुकाम पर पहुँचाया है उसके लिए मैं उनका अभिनन्दन करता हूं।कॉलेज के चेयरमैन महावीर प्रसाद सराफ ने अपने स्वागत सम्बोधन में कहा कि राज्य के इस पहले स्वपोषित और हावड़ा शहर के इस प्रथम पूर्णतः वातानुकूलित एवं सर्वसुविधा सम्पन्न कॉलेज में छात्र छात्राओं के लिये शिक्षा के साथ ही कॉलेज के विशाल मैदान में खेलकूद की विशेष सुविधा है जहां पर क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिंटन, बॉलीबॉल, कबड्डी आदि खेलों के साथ ही अन्य खेलों का भी प्रबंध है। इस अवसर पर समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।कॉलेज की शिक्षिका प्रभारी शोभोनीता दत्ता ने



आयोजन की सफलता में सहभागी सभी के प्रति आभार जताया। कॉलेज के मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसके पश्चात 'अग्रोत्सव-2025' के पहले सत्र में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने कॉलेज विद्यार्थियों की इस आयोजन के लिए की गई कड़ी मेहनत को उनकी प्रतिभा के अनुपम प्रदर्शन से स्वतः सिद्ध कर दिया। दूसरे चरण में शहर के विख्यात 'ओम म्युजिकल ग्रुप आर्फ इवेंट' के कलाकारों की गीत-नृत्य-संगीत की शानदार प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद सैकड़ों विद्यार्थियों को झूमने-नाचने को बाध्य कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कॉलेज के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, कर्मचारियों व विद्यार्थियों का सक्रिय सहयोग रहा।

# सियालदह डिवीजन ने जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त अभियान पर दिया जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग ने बुधवार को कई प्रमुख स्टेशनों पर जागरूकता और स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान की मुख्य गतिविधि के रूप में ऑटोमेटिक कोच वॉशिंग प्लांट (एसीडब्ल्यूपी) का निरीक्षण किया गया, जिसमें जल पुनर्चक्रण प्रणाली की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई। इस पहल का उद्देश्य रेलवे के अन्य उत्पादन इकाइयों और प्रतिष्ठानों में भी जल पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना और जल संरक्षण को सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के माध्यम से यात्रियों और कर्मचारियों को नियमित संदेश दिए गए, जिनमें यात्रियों से अपने पुन: उपयोगी पानी की बोतलें लेकर चलने और एकल-प्रयोग वाले प्लास्टिक से बचने की अपील की गई। संदेशों में प्लास्टिक प्रदूषण और जल प्रदूषण के दुष्प्रभावों को भी उजागर करते हुए जल संरक्षण के सरल उपाय बताए गए हैं।



# जहर का स्वाद जानने के प्रयास में छात्र की मौत

**बर्दवान :** बच्चों के मन में अजीब-अजीब जिज्ञासा होती है। ऐसा ही एक अजीब जिज्ञासा में 15 वर्षीय छात्र की जान चली गई। उसने जहर का स्वाद कैसा होता है? खाने में कैसा लगता है? इसे खाने से शरीर में क्या होता है? यह जानने के लिए नौवीं कक्षा का एक छात्र हर दिन घर में रखे कीटनाशक की थोड़ी मात्रा चुपके से पीता था। पिछले शुक्रवार को उसने कुछ ज्यादा ही जहर पी लिया और उसकी दुखद मौत हो गई। मृतक का नाम निताई बागदी बताया गया है। वह मुर्शिदाबाद के ब्रांचा थाने के सुंदरपुर गांव में रहता था। नाबालिग के पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, निताई बागदी ने विभिन्न कारणों से अपने परिवार की जानकारी के बिना हर दिन थोड़ा-थोड़ा जहर पीना शुरू कर दिया था। जब कुछ नहीं हो रहा था, तो निताई ने पिछले शुक्रवार को उसी जहर को अधिक मात्रा में पी लिया।

इसके बाद, जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसे पहले स्थानीय कांदी अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे बर्दवान मेडिकल कालेज व अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात उसकी मौत हो गई। नाबालिग के चाचा गौरांग बागदी का कहना है कि निताई स्थानीय सुंदरपुर हाई स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता था। मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया? उसने बताया कि मैंने जहर खाने में कैसा लगता है यह जानने की लिए खाया लिया।




मेंबर मेयर इन काउंसिल देबाज चक्रवर्ती, सिद्धा ग्रुप के डायरेक्टर आयुष्मान जैन, प्रयास का फाउंडर अविरूप सेनगुप्ता, अभिनेता देवलीना कुमार और विक्रम चटर्जी, मृतिका अर्थी टॉक्स की सोमिनी सेन दुआ और कल्याण मुखोपाध्याय, आईपीएस (सेवानिवृत्त), पूर्व इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस एवं पूर्व अतिरिक्त आयुक्त, पश्चिम बंगाल पुलिस ने प्रयास के बच्चों के साथ नकेडीए वर्ज, न्यू टाउन इलाके में आयोजित सिद्धा ग्रुप के वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। बच्चों ने हाल ही के पहलगाम हत्याकांड में खोई गई 26 जीवन की याद में 26 पौधे लगाए।

# ऑडियो विवाद में निलंबित तृणमूल छात्र नेता विक्रमजीत साव ने दी थाने में हाजिरी

**बीरभूम :** बोलपुर थाने के पूर्व आईसी लिटन हालदार और तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल के बीच वायरल हुए आपत्तिजनक ऑडियो क्लिप को लेकर राज्य की सियासत में खलबली मची हुई है। इसी विवाद से जुड़े एक अन्य घटनाक्रम में बुधवार को तृणमूल छात्र परिषद के निलंबित बीरभूम जिलाध्यक्ष विक्रमजीत साव ने सिउड़ी थाने में उपस्थित होकर अपनी हाज़िरी दर्ज करवाई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्हें सुबह 10 बजे थाना में हाजिर होने का नोटिस दिया गया था, लेकिन वे निर्धारित समय से पहले ही, सुबह 6 से 6:30 बजे के बीच थाना पहुंच गए। करीब एक घंटे तक उनसे पूछताछ चली। पूछताछ का विषय मुख्य रूप से उस बयान से जुड़ा था, जिसमें उन्होंने अनुब्रत मंडल के समर्थन में पुलिस के खिलाफ तीखे आरोप लगाए थे। गौरतलब है कि यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब बोलपुर थाना के तत्कालीन आईसी लिटन हालदार और तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल के बीच की कथित आपत्तिजनक बातचीत का ऑडियो सार्वजनिक हो गया। इसी संदर्भ में विक्रमजीत साव ने सोशल मीडिया पर लिटन हालदार को सीधे तौर पर चुनौती देते हुए लिखा था। इस विवादित टिप्पणी के सार्वजनिक होने के बाद पार्टी ने कड़ा कदम उठाते हुए विक्रमजीत को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया था। उसी दौरान पुलिस ने उन्हें नोटिस थमाया और बुधवार को पूछताछ के लिए थाना में बुलाया।

### दक्षिण पूर्व रेलवे में कवच प्रणाली का क्रियान्वयन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे में ट्रेन सेवाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 324.54 करोड़ की लागत से कवच प्रणाली के क्रियान्वयन का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। यह परियोजना रेलवे नेटवर्क पर एक अतिरिक्त सुरक्षा परत प्रदान करने का लक्ष्य रखती है। कवच प्रणाली, जो कि एक टकराव-रोधी तकनीक है, को 525 रूट किलोमीटर (आरकेएम) और 136 लोकोमोटिव्स पर स्थापित किया जाएगा। यह कार्य दक्षिण पूर्व रेलवे कवच बैलेंस वर्क्स के अंतर्गत किया जाएगा। इस परियोजना के पूर्ण होने पर अपेक्षित उपलब्धियां निम्नलिखित हैं, जैसे दक्षिण पूर्व रेलवे पर 100% कवच कवरेज की प्राप्ति, टकरावों और सिग्नल उल्लंघनों से पूर्ण सुरक्षा, शून्य दुर्घटना वाले रेल नेटवर्क की दिशा में एक बड़ा कदम, यह पहल भारतीय रेल के सुरक्षित, स्मार्ट और विश्वसनीय भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगी।

# छात्रा पर फिर एसिड अटैक की कोशिश

## आरोपी को पकड़ कर भीड़ ने की पिटाई, दो निर्दोष श्रमिक भी घायल

**हुगली :** जिले के उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनों में वृद्धि हो रही है जिससे लोग प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहे है। मंगलवार रात एक बार फिर उत्तरपाड़ा में छात्रा पर कथित रूप से एसिड जैसा कोई तरल पदार्थ फेंके जाने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना कटहल बागान इलाके में रात करीब साढ़े आठ बजे घटी है। पीड़िता अपने दोस्तों के साथ कहीं जा रही थी, तभी अचानक पीछे से किसी ने उस पर तरल पदार्थ फेंका। सौभाग्यवश, यह तरल उसकी चोटी और कपड़ों पर पड़ा, जिससे वह घायल नहीं हुई।



घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने एक आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। इसी दौरान टिटागढ़ वैगन फैक्ट्री के दो मजदूर वहीं से गुजर रहे थे, जिन्हें लोगों ने गलती से आरोपी के साथी समझकर पीट दिया। घायल मजदूरों में से एक को उत्तरपाड़ा अस्प-ताल में भर्ती कराना पड़ा, जबकि दूसरे को प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया। घटना के बाद डरी-सहमी पीड़िता ने कहा कि यह न देर रात का समय न ही सुनसान रास्ता फिर भी बदमाश बैखोफ है। मैं अब डर रही हूं। सोच भी नहीं सकती थी कि ऐसा मेरे साथ हो जाएगा। सौभाग्य से एक व्यक्ति ने मेरी मदद की, नहीं तो मुझे और गंभीर जख्म हो सकते थे। मेरा जीवन बर्बाद हो सकता था। लेकिन पुलिस निष्क्रिय है।

इस घटना के सिलसिले में पीड़िता ने उत्तरपाड़ा थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और बुधवार को उसे श्रीरामपुर अदालत में पेश किया गया । पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पहले भी उत्तरपाड़ा में इसी तरह की घटना हुई थी और तभी से आरोपी की तलाश की जा रही थी। स्थानीय लोगों की माने तो यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाती है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ा रही है। हाल ही में उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र के तहत कोन्ननगर में एक मूकबधिर नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद चोरों ने रेकी कर घर में चोरी की। लोगों का आरोप है कि नशे का दौर बढ़ रहा है। पुलिस की क्षत्रछाया में नशा कारोबारी फल फूल रहे हैं। इसलिए अपराध की घटनाएं निरंतर बढ़ रही है।

# हत्या मामले को लेकर बकुलतला में पुलिस के खिलाफ जनाक्रोश, सड़क जामकर जताया विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बकुलतला थानांतर्गत बुइचबाटी गांव में सायेम अली खान नामक युवक की हत्या के बाद से इलाके में तनाव गहरा गया है। घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद सभी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने बुधवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सड़क पर पेड़ों के तने डालकर यातायात ठप कर दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की।

ग्रामीणों का आरोप है कि रविवार की रात कुछ युवक शराब के नशे में सायेम के घर के पास गाली-गलौज कर रहे थे। जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो उन पर हमला किया गया। आरोप है कि इस दौरान बमबाज़ी भी हुई। घटना में कई लोग घायल हो गए, जिनमें सायेम की हालत गंभीर थी। उन्हें पहले नीमपिठ ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर बारुईपुर महकमा अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां सोमवार को उनकी मौत हो गई। इस मामले में बकुलतला थाने में कुल 13 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है और कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि सभी आरोपित अब तक पकड़े नहीं गए हैं। ग्रामीणों का यह भी दावा है कि पुलिस कार्रवाई के बजाय उन्हें आंदोलन न करने की चेतावनी दे रही है।

इस दिन, सुबह में विरोध जताने के लिए तरानगर से कांकाटा मोड़ तक सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया गया। ग्रामीणों की मांग है कि फरार आरोपितों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और पुलिस को निष्पक्ष तरीके से काम करना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ेंगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जो लोगों को समझाने और यातायात बहाल करने की कोशिश कर रहे है। घटना को लेकर इलाके में अब भी तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### निबरा में ट्रैफिक विवाद को लेकर लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

**हावड़ा :** हावड़ा जिले के निबरा इलाके में मंगलवार को उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब ट्रैफिक पुलिस के साथ स्थानीय लोगों की झड़प हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सर्विस रोड पर दो गाड़ियां आमने-सामने आ रही थीं। ट्रैफिक पुलिस ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की, तो बहस शुरू हो गई। इसके बाद माहौल गर्म हो गया और स्थानीय लोगों ने पुलिस के व्यवहार पर नाराजगी जताई।गुस्साए लोगों ने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति को संभालने के लिए डोमजुर थाने की पुलिस और ट्रैफिक विभाग के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर हटाया।

## चलती बस में महिला डॉक्टर के साथ छेड़छाड़, पुलिस जांच में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में एक बार फिर सार्वजनिक परिवहन में महिला सुरक्षा को लेकर सवाल उठे हैं। घर लौट रही एक महिला डॉक्टर के साथ चलती बस में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। यह घटना सोमवार सुबह की है, जब डॉक्टर नाइट ड्यूटी के बाद सुबह 9 बजे आर.जी. कर अस्पताल के सामने से केबी-16 रूट की बस में चढ़ीं। वह न्यू टाउन के शापुरजी इलाके की रहने वाली हैं। डॉक्टर का आरोप है कि बस में एक सहयात्री के साथ सीट को लेकर विवाद हुआ, जिसने उनके साथ अशिष्ट व्यवहार किया और आपत्तिजनक टिप्पणियां की। बाद में आरोपी युवक ने चलती बस में कई बार उन्हें अनुचित तरीके से छूने की कोशिश की। डॉक्टर ने तुरंत विरोध जताया, जिसके बाद अन्य यात्रियों ने हस्तक्षेप कर तकनीकी भवन के पास आरोपी को बस से उतार दिया। इस घटना को लेकर महिला डॉक्टर ने विधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के टेक्नोसिटी थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि न्यू टाउन इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपी की पहचान की कोशिश जारी है। हालांकि अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।



## मध्यमग्राम में आठ दिनों से जल संकट, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम नगरपालिका क्षेत्र में लगातार आठ दिनों से जल संकट बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इलाके का एकमात्र पंप काफी समय से खराब पड़ा है। नगर पालिका की ओर से बार-बार मरम्मत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

भीषण गर्मी के बीच जल आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्र में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि नगरपालिका की ओर से जो टैंकर भेजे जा रहे हैं, उनसे जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं। केवल दो से तीन मिनट तक जल आपूर्ति होती है, और इतने समय में सैकड़ों लोगों की प्यास बुझा पाना संभव नहीं हो पाता।

पाटुली बादामतला क्षेत्र के निवासी मोहम्मद शाहनूर विश्वास ने बताया कि इस गांव में 500 से अधिक परिवार रहते हैं, लेकिन महज तीन टैंकर ही भेजे जाते हैं। नतीजतन, लोग मजबूर होकर तालाब के पानी से नहाने, कपड़े धोने और यहां तक कि बर्तन धोने जैसे काम कर रहे हैं। यह स्थिति स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिहाज से भी चिंत-ाजनक है।

जल संकट को लेकर क्षेत्र के लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन भी किया है। उनका कहना है कि जब तक उन्हें साफ पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं मिलती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मध्यमग्राम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की। नगरपालिका प्रशासन का कहना है कि पंप खराब होने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है, और मरम्मत का कार्य चल रहा है।

हालांकि, स्थानीय लोगों का आक्रोश इस बात को लेकर है कि इतनी बड़ी आबादी वाले इलाके में वैकल्पिक इंतजाम पहले से क्यों नहीं किए गए। स्थानीय निवासियों की मांग है कि बुधवार की रात तक हर घर तक साफ पेयजल पहुंचाया जाए, अन्यथा उनका आंदोलन और तेज होगा।

## हावड़ा में बरसात से पहले ही पूरी रफ्तार से चल रहा है सड़क सुधार कार्य

**हावड़ा, समाज्ञा**

इस साल दुर्गापूजा समय से पहले आ रही है, इसलिए हावड़ा नगर निगम ने बरसात के बाद का इंतजार किए बिना सड़क निर्माण का कार्य पहले ही शुरू कर दिया है।

बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर निगम के चेयरमैन डॉ. सुजय चक्रवर्ती ने बताया कि बीते आठ-नौ महीनों में शहर में बड़े पैमाने पर सड़कों का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 262 सड़कों का निर्माण किया गया है, जिस पर करीब 41 करोड़ 57 लाख रुपये खर्च हुए हैं।

डॉ. चक्रवर्ती ने बताया कि यह कार्य सिर्फ नगर निगम के बजट से नहीं, बल्कि विधायकों और सांसदों की निधियों से मिली आर्थिक मदद से भी संभव हो पाया है।

सांसद निधि से ही 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई। उन्होंने बताया कि निगम के ऐडेड एरिया जैसे वार्ड 45 से 50 तक की सड़कों पर 22 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

इस दौरान उन्होंने यह भी चिंता जताई कि नगर निगम द्वारा सफाई के बावजूद कुछ पंचायत क्षेत्रों से उसी जगह फिर से कचरा फेंका जा रहा है।

इस विषय में जल्द ही प्रशासन से बात की जाएगी।

चेयरमैन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम के सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर सख्त सुरक्षा के बीच कृष्णगंज में बांग्लादेशी घुसपैठिए की गिरफ्तारी



**कोलकाता :** भारत में घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार सख्त रवैया अपनाए हुए है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ जवान कड़ी निगरानी रख रहे हैं, और साथ ही पुलिस भी सतर्क है। इसी बीच, कृष्णगंज थाना पुलिस ने एक और बांग्लादेशी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी को भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे इलाके से पकड़ा गया। सूत्रों के अनुसार, इस वर्ष अब तक नदिया जिले की सीमावर्ती थानों ने लगभग 500 से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। रात के अंधेरे में भारतीय दलालों की मदद से अवैध रूप से सीमा पार करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इन घुसपैठियों को पकड़ने के लिए नदिया जिला पुलिस लगातार सक्रिय अभियान चला रही है। बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर कृष्णगंज थाना पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम मो. जसीमुद्दीन है, जो बांग्लादेश के जीवननगर, चुआडांगा जिले का निवासी है। वह अवैध रूप से एक दलाल की मदद से भारत में घुसा था। पुलिस ने उसे कृष्णनगर जिला अदालत में पेश किया और पुलिस हिरासत की मांग की।

### बोल्ट.अर्थ ने ब्लेज डीसी का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** बोल्ट.अर्थ ने भारत के लिए पहला युनिवर्सल डीसी फास्ट चार्जर ब्लेज डीसी लॉन्च किया है, जो दोपहिया और तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बनाया गया है। यह चार्जर भारत में डिजाइन और निर्मित है तथा टाईप 6 और टाईप 7 कनेक्टर्स को सपोर्ट करता है। ब्लेज डीसी तेज और भरोसेमंद चार्जिंग समाधान प्रदान करता है, जो 12 किलोवॉट वेरिएंट में 15 मिनट में 120 किमी तक की दूरी चार्ज कर सकता है। इसका मॉड्यूलर डिजाइन सर्विस और मेंटेनेंस को आसान बनाता है। बोल्ट.अर्थ एक साल के अंदर देश भर में 25,000 चार्जर लगाने की योजना बना रहा है, ताकि 90% फास्ट-चार्जिंग सक्षम दोपहिया और तिपहिया वाहनों को सपोर्ट किया जा सके। सीईओ राघव भारद्वाज के अनुसार, यह समाधान ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए एक समावेशी और सुलभ फास्ट चार्जिंग नेटवर्क की शुरुआत है, जो ऑटो रिक्शा चालक, फूड डिलीवरी कर्मियों और छोटे कारोबारियों के लिए खास है।

## आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री स्मृति व्याख्यान रविवार को

**कोलकाता, समाज्ञा**

श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय द्वारा लब्धप्रतिष्ठ साहित्यमनीषी, प्रखर चिन्तक तथा जनप्रिय राज-नेता आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री की स्मृति में आयोजित व्याख्यानमाला का 20वां आयोजन आगामी रविवार को सुबह 10.30 बजे स्थानीय भारतीय भाषा परिषद, 36ए, शेक्सपीयर सरणी में बदलते राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में पंच परिवर्तन की प्रासंगिकता विषय पर संपन्न होगा। समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्य-ोगपति शिशिर बाजोरिया करेंगे और प्रधान वक्ता दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन होंगे एवं प्रधान अतिथि वरिष्ठ आयकर सलाहकार सज्जन कुमार तुल्स्यान होंगे।



## डेबरा में नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीड़न के आरोप में गृह शिक्षक गिरफ्तार

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के डेबरा थाना क्षेत्र से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक गृह शिक्षक ने चौथी कक्षा की छात्रा के साथ बार-बार यौन उत्पीड़न किया। आरोपित शिक्षक गोपालचंद्र मान्ना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, घटना जलीमांदा ग्राम पंचायत के अंबाडिघी गांव की है। आरोपित शिक्षक उसी गांव में रहता है और पीड़िता को लंबे समय से ट्यूशन पढ़ाने के लिए उसके घर आता था। मंगलवार को भी वह रोज की तरह पढ़ाने पहुंचा, लेकिन इसी दौरान उसने छात्रा के साथ यौन दुर्व्यवहार किया। जब छात्रा के व्यवहार में बदलाव देखा गया तो परिजनों को शक हुआ। परिजनों के पूछने पर नाबालिका ने सारी सच्चाई बता दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार ने देर रात डेबरा थाने में आरोपित के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बुधवार की सुबह 11 बजे के आसपास आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है और आरोपित को मेदिनीपुर अदालत में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपित छात्रा को लंबे समय से परेशान कर रहा था। वह पढ़ाई के बहाने छात्रा को गलत तरीके से छूता था और किसी को बताने पर धमकी भी देता था। डर के मारे छात्रा अब तक चुप रही, लेकिन मंगलवार को हुई घटना के बाद मामला उजागर हो गया।



## न्यूज ब्रीफ

### पश्चिम बंगाल पाल समाज ने लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जयंती मनाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल पाल गड़ेरी समाज के तत्व-ावधान में विगत 31 मई को लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज की कोलकाता, हावड़ा, हुगली, आसनसोल, रानीगंज, बांकुड़ा, इच्छापुर एवं अन्य शाखाओं ने भी उल्लास के साथ जयंती मनाई। इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, सदस्य, महिलाएं, युवा एवं बच्चों ने उपस्थिति दर्ज कराई। उक्त अवसर पर समाज के अध्यक्ष राजकुमार राउत एवं अन्य सदस्यों ने अहिल्या बाई होलकर की जीवनी एवं उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### पर्पल लाइन मेट्रो सेवाएं आज से नियमित रूप से चलेंगी




**कोलकाता, समाज्ञा :** पर्पल लाइन मेट्रो की सामान्य सेवाएं आज यानी 05 जून से 24 मिनट के अंतराल पर फिर से शुरू हो जाएंगी। इस दिन कुल 62 ट्रेनें (31 अप ओर 31 डाउन) निर्धारित समयानुसार चलेंगी। माजेरहाट स्टेशन से पहली ट्रेन सुबह 07:57 बजे रवाना होगी, जबकि जोका स्टेशन से पहली ट्रेन सुबह 08:00 बजे चलेगी। वहीं, जोका और माजेरहाट दोनों स्टेशनों से अंतिम ट्रेनें शाम 08:00 बजे प्रस्थान करेंगी।

## दुर्गापुर रेलवे स्टेशन के पास लॉज से ओडिशा निवासी व्यक्ति की सड़ी-गली लाश बरामद

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन से सटे एक बंद पड़े लॉज के कमरे से सड़ी-गली लाश बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह सनसनीखेज मामला कोक ओवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शुभ लॉज से जुड़ा है, जो पिछले कुछ समय से परिचालन में नहीं था, फिर भी वहां एक व्यक्ति रुका हुआ था। लॉज के बंद कमरे से उठी बदबू, तब खुलासा हुआ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, लॉज के मालिक या कर्मचारियों ने 3-4 दिन पहले एक व्यक्ति को आते देखा था। लॉज में उसका नाम मिनबहादुर मगर दर्ज किया गया, जो ओडिशा का निवासी बताया जा रहा है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक वह व्यक्ति कमरे में अकेले ठहरा हुआ था। हालांकि, बीते दो दिनों से लॉज के उस कमरे से तेज दुर्गंध आने लगी थी, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सका। अंततः बुधवार को स्थानीय लोगों की सूचना पर कोक ओवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ कर अंदर दाखिल हुई। कमरे के भीतर का दृश्य भयावह था शव फंदे से लटका हुआ था और पूरी तरह सड़-गल चुका था। प्राथमिक जांच में माना जा रहा है कि मौत 3-4 दिन पहले हो चुकी थी। पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए दुर्गापुर महकमा अस्पताल भेज दिया है और पूरे कमरे को सील कर दिया गया है। पुलिस ने लॉज के रिकॉर्ड और उसके दस्तावेज़ों की मदद से उसके परिजनों से संपर्क साधने की कोशिश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस इस मामले में आत्महत्या, हत्या या दुर्घटना तीनों एंगल से जांच कर रही है। पुलिस लॉज के कर्मचारियों और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। साथ ही, यह भी जानने की कोशिश की जा रही है कि लॉज, जो कि बंद पड़ा बताया जा रहा है, उसमें कोई व्यक्ति बिना वैध एंट्री के कैसे रुका।



## महेशतला में नाबालिग पर नृशंस अत्याचार मामले में दो गिरफ्तार

### दोषियों को सख्त सजा देने की मांग पर इस्लामपुर में प्रदर्शन, सड़क पर आगजनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के संतोषपुर इलाके की एक जीन्स वॉश फैक्ट्री में मोबाइल चोरी के शक में 14 वर्षीय किशोर के साथ की गई बर्बरता को लेकर उत्तर दिनाजपुर के इस्लामपुर में आक्रोश फूट पड़ा है। किशोर के परिवार और स्थानीय लोगों ने बुधवार को इस्लामपुर राज्य सड़क को अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया। सड़क पर टायर जलाए गए और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पुलिस को मौके पर पहुंचकर हालात काबू में लाने पड़े। बताया गया है कि इस्लामपुर निवासी पीड़ित किशोर करीब डेढ़ महीने पहले अपने बड़े भाई के साथ संतोषपुर की एक फैक्ट्री में काम करने गया था। किशोर के नाबालिग होने के बावजूद उसे काम पर रखना पहले से ही सवालों के घेरे में था। आरोप है कि फैक्ट्री में मोबाइल फोन चोरी होने पर किशोर को झूठा आरोपित ठहराया गया और उसे यातनाएं दी गईं। परिवार का आरोप है कि किशोर के हाथ-पैर बांधकर उसे उल्टा लटकाया गया और इलेक्ट्रिक शॉक दिया गया। उसके शरीर पर चोट के कई निशान हैं। घटना सामने आने के बाद किशोर के परिजनों ने मंगलवार की रात को ही स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। बुधवार सुबह जैसे ही यह खबर इलाके में फैली, लोग बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए। पीड़ित के माता-पिता समेत अन्य परिजन सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करने लगे। उनकी मांग है कि किशोर को जल्द से जल्द परिवार के पास वापस लाया जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। इस्लामपुर पुलिस अधीक्षक जॉबी थॉमस ने बताया कि डायमंड हार्बर पुलिस से संपर्क किया गया है और जांच जारी है। इस्लामपुर थाने की पाटागोड़ा फाड़ी की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और स्थिति को नियंत्रित किया। इधर, मामले की जांच कर रही कोलकाता की रवींद्रनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री मालिक शाहेनशा के करीबी मोस्तफा कमाल और शाहेनशा के साले तौहीद आलम को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को बुधवार को अदालत में पेश किया गया। उधर, मुख्य आरोपित फैक्ट्री मालिक शाहेनशा सोमवार से ही फरार है। उसकी तलाश में छापेमारी जारी है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।



# केशोरेम रेयान कारखाने में नियमित काम के मांग पर मजदूरों ने काम बंद कर किया प्रदर्शन

**हुगली, समाज्ञा**

जिले के कुन्तीघाट इलाके में स्थित केशोरेम रेयान कारखाने में बुधवार को मजदूरों ने नियमित रूप से काम की मांग को लेकर काम बंद रखा और विरोध प्रदर्शन किया। कंपनी प्रबंधन ने बातचीत के जरिए समस्या का समाधान निकालने की बात कही है। अशांति की आशंका के मद्देनजर फैक्ट्री के गेट पर पुलिस तैनात कर दी गई है। रेयान फैक्ट्री में स्थायी, अस्थायी और ठेकेदार सहित करीब 2500 मजदूर काम करते हैं। फैक्ट्री के अस्थायी मजदूरों को ठीक से काम नहीं मिल रहा है, जिससे उनमें असंतोष है। बुधवार सुबह मजदूर फैक्ट्री गेट पर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। कोई भी मजदूर काम पर नहीं गया।

मजदूरों का आरोप है कि फैक्ट्री के अधिकारी शिफ्ट में काम करने वाले मजदूरों को ठीक से काम नहीं देते हैं। शिफ्ट में काम करने वाले मजदूरों का आरोप है कि उन्हें महीने में आठ से दस दिन से ज्यादा काम नहीं दिया गया। नतीजतन, उन्हें अपना परिवार चलाने में बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कई बार कंपनी को बताया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। हालांकि, उन्हें हर दिन रिपोर्ट करना होता है। अगर वे रिपोर्ट नहीं करते हैं, तो उनके कार्ड लॉक हो जाते हैं। फिर उन्हें कोई काम नहीं मिल पाता है। नतीजतन, कहीं और काम करने का कोई रास्ता नहीं है। इस बीच, अगर वे वापस फैक्ट्री आते भी हैं, तो काम मिलने की कोई गारंटी नहीं है। इसके विरोध में शिफ्ट में काम करने वाले मजदूरों ने फैक्ट्री के स्पिनिंग, एसिड प्लांट और टेक्सटाइल समेत लगभग सभी विभागों में काम बंद कर दिया।

फिलहाल, कारखाने के सिर्फ ब्रायलर और सीएस (2) विभाग ही चालू हैं। स्थानांतरित मजदूरों के आंदोलन को स्थायी मजदूरों ने भी समर्थन दिया है। वे भी बुधवार को काम पर नहीं गए। नतीजतन रेयान कारखाने में गतिरोध पैदा हो गया है। इस गतिरोध के बीच रेयान प्रबंधन के अधिकारियों ने मजदूरों को एक नोटिस जारी किया। इसमें कहा गया है कि अवैध हड़ताल से कंपनी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रबंधन ने इस संबंध में कारखाने की पांच मान्यता प्राप्त यूनियनों को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बातचीत के जरिए समस्या का समाधान करने का आग्रह किया है।




# बीट द हीट

शिवांगी झाब

गर्मियां शुरू हो गई हैं और ऐसे में बहुत जरूरी है कि हम अपने खानपान का पूरा ध्यान रखें। थोड़ी सी भी लापरवाही हमें कई बीमारियों का शिकार बना सकती है। गर्मियों में चिल्ड आइटम्स का सेवन हमारे स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाता है। इस हॉट सीजन में लीजिए कुछ ऐसे फूड आइटम्स का मजा जो शरीर को ठंडा भी रखेंगे और शरीर को फायदा भी पहुंचाएंगे।

### खाएं खुबानी:-

खुबानी यानी एप्रीकॉट में बेटा कैरोटिन होता है जो एंटी आक्सीडेंट्स से भरपूर है। खुबानी का नियमित सेवन कैंसर और ह्रदय रोगों की रोकथाम में मदद करता है। खुबानी का सेवन त्वचा के लिए भी बहुत अच्छा होता है क्योंकि इससे त्वचा ऑयली नहीं होती।

### पिएं छाछ:-

गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए छाछ बहुत ही अच्छी होती है। इसे खाने के बाद लिया जाए तो यह शरीर में चुस्ती लाती है और पाचन क्रिया को भी दुरूस्त रखती है।

### करें तरबूज का सेवन:-

तरबूज गर्मियों में शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है। गर्मियों के मौसम में इसका सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है। तरबूज में विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीआक्सीडेंटस काफी मात्रा में होते हैं, जबकि कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। इतना ही नहीं, तरबूज ड्राई स्किन और डिहाइडेशन की तमाम परेशानियों से हमें बचाता है।

### पिएं चिल्ड सूप:-

आपने अभी तक हॉट सूप के बारे में ही सुना होगा। इन गर्मियों में कुछ अलग ट्राई करें। चिल्ड सूप आपको बहुत अच्छा लगेगा, साथ ही इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व होते हैं। खाने से पहले यह सूप पीने से आपको भूख कम लगेगी और आपकी सेहत के लिए फायदेमंद भी होगा।



### फलों का करें नियमित सेवन:-

सेब,खरबूजा,तरबूज और नाशपाती जैसे फल जिसमें पानी की मात्रा अधिक होती है, इस मौसम में काफी लाभदायक हो सकते हैं। आप चाहें तो फल को खाने के बाद डेजर्ट के रूप में भी ले सकते हैं। ऐसा करने से वेट कम होगा क्योंकि खाने के बाद मीठे का शौक हम फल खाकर पूरा कर सकते हैं।

### खाने में सलाद का इस्तेमाल:

खाने में सलाद का सेवन करना चाहिए। सलाद में 95 प्रतिशत मात्रा में पानी होता है। यह बनाने में ईजी होता है साथ ही सेहत के लिए फायदेमंद होता है। आप अलग-अलग प्रकार के सलाद बना सकती हैं जैसे स्प्राउट या उबले राजमा,चने का सलाद। सलाद में अगर आप वेजिटेबल्स के साथ फ्रूट्स और कुछ सूखे मेवे व पनीर भी शामिल कर लें तो आप इसे संपूर्ण आहार के तौर पर भी खा सकती हैं जो बहुत हैल्दी होता है विटामिन्स और प्रोटीन से भरपूर।

### खाएं और पिएं सत्तू:-

सत्तू भुने हुए चने,जौ और गेहूं पीसकर बनाया जाता है। सत्तू पेट की गर्मी को शांत करने में बेहद फायदेमंद है। कुछ लोग इसमें शक्कर मिलाकर मीठा पीना पसंद करते हैं और कुछ लोग इसमें नमक और मसाला मिलाकर नमकीन पीते हैं। थोड़ा गाढ़ा बनने पर आप इसे खा भी सकते हैं।

गर्मी के मौसम में हल्का खाना, खाना चाहिए । ज्यादा तेल मसाले का प्रयोग नुकसाहदेह हो सकता है। खाने के साथ-साथ पेय पदार्थ का भी अधिक प्रयोग करें । आप नींबू पानी, शरबत, नारियल पानी, ठंडाई,गन्ने का रस,छाछ और आम पन्ना पी सकते हैं। (स्वा. द.)

# त्वचा के लिए जरूरी: नाइट ब्यूटी ट्रीटमेंट



नीतू गुप्ता

प्रातः नहाने के बाद जब महिलाएं काम निपटा लेती हैं तो थोड़ा ध्यान अपनी त्वचा पर सभी देती है पर रात्रि में त्वचा को अनदेखा कर सो जाती हैं। इतना भी ध्यान नहीं देती कि दिन भर के प्रदूषण से प्रभावित हुई त्वचा को धोकर थोड़ा माश्चराइजर ही लगा लें।

खूबसूरत दिखने के लिए आप दिन में कितने भी महंगे प्राडक्टस लगा लें पर अगर रात्रि में उन्हें अच्छी तरह साफ कर त्वचा पर नाइट क्रीम नहीं लगाई तो प्रातः के ब्यूटी प्राडक्टस उतना निखार नहीं ला पाएंगे। आइए जानें कुछ नियम रात्रि में सोने से पहले त्वचा के लिए:-

### मेकअप हटाएं:-

आफिस से आने के बाद या किसी समारोह से आने के बाद सबसे पहले लाइट फेसवाश से अपनी त्वचा को धोकर साफ करें। उसके बाद नारियल तेल, एलोवेरा जेल लगाकर त्वचा को हल्के हाथों से थपथपाएं ताकि त्वचा को नमी मिल सके। नियमित मेकअप न हटाने से त्वचा खराब होती है और सांस भी नहीं ले पाती।

### नर्म होंठों के लिए:-

होंठों की नमी बरकरार रखने के लिए सोने से पहले नारियल तेल या लिपबाम का प्रयोग करें। चाहें तो होंठों पर बादाम तेल या शहद भी लगा सकती हैं। इससे होंठ फटते नहीं, नर्म और सुंदर बने रहते हैं।

### त्वचा को माश्चराइज करें:-

केवल दिन में ही त्वचा को माश्चराइजर की जरूरत नहीं पड़ती। रात्रि में भी त्वचा को माश्चराइज करें। तभी प्रातः उठने पर त्वचा ताजगी और नमी से भरपूर लगेगी नहीं तो विशेषकर सर्दियों में प्रातः उठने पर त्वचा खुश्क लगेगी।

### आंखों के चारों ओर लगाएं क्रीम:-

दिनभर आंखें खुली रहने के कारण ज्यादा काम करती हैं और प्रदूषण का सामना भी। अपनी आंखों को थकान और प्रदूषण से बचाने के लिए रात्रि में सोने सें पहले चेहरा धोकर क्रीम, माश्चराइर या बादाम तेल से हल्के हल्के आंखों के चारों और मसाज करें ताकि आंखों के चारो ओर काले घेरे न बनने पाएं।

### रात्रि में सोने से पहले बालों को बांधना न भूलें:-

रात्रि में सोने से पहले बालों को कंघी कर चोटी गूंथ लें या बालों को बांध लें। ध्यान रखें बालों को सख्ती से न बांधें। ऐसा करने से बाल टूट सकते है। रात्रि में बाल खुले रख कर और बिना सुलझाए सोने से प्रातः बाल उलझे हुए होंगे और उन्हें सुलझाने में समय भी लगेगा और बाल टूटेंगे भी।

### हल्दी वाला दूध लाभप्रद:-

रात्रि में सोने से पहले एक कप दूध में चुटकी भर हल्दी पाउडर मिलाकर उबाल कर पिएं ताकि प्रातः दूषित चीजें बाहर निकल सकें और खून भी साफ होता है। नियमित हल्दी वाला दूध पीने से त्वचा में चमक आती है। हो सके तो कच्ची हल्दी का प्रयोग करें। (स्वा. द.)



# भड़ास निकालने के लिए बोलना अहितकारी

राजेन्द्र मिश्र 'राज'

वाणी पर संयम बहुत जरूरी है। शायद इसीलिए कहा भी गया है 'कम बोल अच्छा बोल'। बंदूक से निकली गोली वापस नहीं होती, ठीक उसी तरह मुख से निकली बोली भी गोली से कम नहीं होती। कड़वे वचन का अर्थ समझें न कि वचनों में कड़वाहट घोलिए। सोच समझ कर बोल को ही नये लोगों ने तोल मोल के बोल कह कर संबोधित किया।

कुछ लोगों के मन में कुछ नहीं होता किन्तु मुंह खोलते समय अपनी वाणी पर नियंत्राण नहीं कर पाते। उल्टा सीधा बोलकर सफाई देते हैं कि भड़ास निकालनी थी, निकाल ली। हो सकता है उन्हें भड़ास निकलने के बाद हल्का भी लगता हो। कुछ लोग मौका ताड़कर मुंह खोलते हैं और जब मुंह खोलते हैं तो बगैर सोच समझ कर अनाप शनाप ही बक बक पूरी कर जाते हैं।

बेमतलब की बातों का प्रवाह स्वयं के लिए मुश्किलें पैदा कर देता है क्योंकि आपके अनावश्यक अपशब्द दूसरों को चोट पहुंचाने का काम करते हैं। परिवार में ऐसे ही वार्तालाप व्यर्थ के विवादों को जन्म देते हैं। रिश्तों में कड़वाहट घोलते हैं। दूरियां बढ़ाते हैं। गलतफहमियां पैदा करते हैं और मतभेदों को बढ़ाते हैं।

भाई - भाई के संबंध बिगड़ जाते हैं। बहनें एक दूसरे की कट्टर दुश्मन बन जाती हैं। यहां तक कि बाप बेटों में मतभेद बढ़ जाते हैं। पति-पत्नी के बीच कलह बढ़ते जाती है और पारिवारिक शांति में विच्छेद पैदा हो जाता है। कभी-कभार तो रिश्तों में कटुता इतनी अधिक बढ़ती है कि पवित्रा रिश्ते टूट जाते हैं और बढ़िया चल रही गृहस्थी उजड़ जाती है। तलाक तक की नौबत आ जाती है। पति-पत्नी के तलाक का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ता है। कुछ लोग बोलते कुछ नहीं किंतु अंदर ही अंदर घुटते जाते हैं। यह भी स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं हैं।

तनावग्रस्तता, कलह और रोज - रोज की लड़ाई घर की शांति तो समाप्त कर ही देती है। सुख-समृद्धि भी प्रभावित करती है। ऐसे घरों से लक्ष्मी जी रूठ जाती हैं। सरस्वती की कृपा से तो आप पहले ही वंचित हो चुके होते हैं। धीरे-धीरे घर में दरिद्री सेंध लगाना शुरू कर देती है। आर्थिक तंगी के चक्रव्यूह में आप फंस जाते हैं और बाहर निकलने की बजाए अन्दर ही धंसते चले जाते हैं। अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी मार कर आप दूसरों को दोषी कह कर अपनी ही गलतियों पर परदा ढंकने का कार्य करते हैं।

नतीजा अच्छा निकल ही नहीं सकता। आत्मविश्वास भी टूटने लगता है। क्या फायदा ऐसी भड़ास निकालने का जिसकी चपेट में सर्वप्रथम आप स्वयं ही आते हैं। बेहतर होगा यदि आप समझदारी और संयम बरतते हुए मुंह खोलने की आदत डालें। आपकी वाणी प्रभावी होनी चाहिए। प्रभावी वाणी का अर्थ ऊंचे स्वर में चीखना-चिल्लाना कतई नहीं है।

मीठी वाणी बोलिए। मन का आपा खोकर बोलना हितकारी नहीं है। संतों ने वाणी के महत्त्व के संदर्भ में समय समय पर काफी कुछ समझाया भी है। संत कबीर दास, तुलसीदास, नामदेव, तुकाराम से लेकर रहीम और रसखान ने भी यही शिक्षा दी कि वाणी पर संयम रखें। अपने विवेक को न खोएं। भड़ास निकालने के चक्कर में इंसान से शैतान बनने की पहल न करें। शब्दों की मार बहुत ही गहरी होती है। इसके घाव मरहम लगाने से भी नहीं सूखते। याद रहे जिस तरह आपको अपना आत्म सम्मान प्रिय है, दूसरों को भी उनका सम्मान प्रिय होता है। मान सम्मान की खरीदी अथवा बिक्री नहीं होती। मान सम्मान दोगे तो पाओगे। ऐसे शब्दों का प्रयोग न करें जिनकी वजह से बाद में आपको लज्जित होना पड़े।

सच तो यह भी है कि भाषा एवं वाणी पर मां बाप का असर ज्यादा पड़ता है। बच्चे परिवार के बड़े बुजुर्गों से जो सीखते हैं वहीं ग्रहण भी करते हैं। संगत का असर यहां स्पष्ट नजर आता है। फिल्मी संवादों का प्रभाव भी हमारी रोजमर्रा की जिन्दगी पर पड़ रहा है। टी वी सीरियलों के संवादों का बुरा असर समाज पर पड़े बगैर नहीं रहा। द्विअर्थी संवादों का चलन संस्कृति पर चोट कर रहा है। (स्वा. द.)

# कोल्ड ड्रिंक्स- मित्र या शत्रु

ए.पी. भारती

आधुनिकता पसंद लोगों के नज़रिए से देखें तो मट्ठा, लस्सी, नींबू पानी, जलजीरा इत्यादि भारत के पारंपरिक पेयों के सेवन करने वाले गरीब, पिछड़े, असभ्य और गंवार हैं। 'स्मार्टनेस' यह है कि आप बोतलबंद 'कोल्ड ड्रिंक्स' अर्थात पेप्सी, कोला, थम्स-अप, मिरिंडा, आदि कितनी मात्रा में पी और पिला सकते हैं? इन कोल्ड ड्रिंक्स में हमारे शरीर के लिए हानिकारक कीटनाशकों की निर्धारित मानकों से अधिक पाए जाने के बाद भी हम नहीं चेते और आज भी धड़ाधड़ पीते और पिलाते हैं।

कोल्ड ड्रिंक्स में 4 प्रमुख तत्व स्वीटनर, कंसन्ट्रेट, कार्बन डाइऑक्साइड और प्रिजर्वेटिव होते हैं। अगर कोक पदार्थ वाला ठंडा कुछ समय तक कोई व्यक्ति लगातार पीता रहे तो बहुत संभव है कि वह उसका आदी बन जाए। कोल्ड ड्रिंक्स पेट के लिए सर्वाधिक खतरनाक हैं। लोग समझते हैं कि पेट में गैस की समस्या हो तो ठंडे पेय का सेवन लाभदायक है मगर वास्तविकता यह है कि इससे तात्कालिक लाभ तो अनुभव हो सकता है मगर यह गैस की



समस्या को स्थायित्व देने का काम करता है।

पेप्टिक अल्सर को शीतल पेय और बढ़ाते हैं। यदि कोल्ड ड्रिंक्स में मिठास के लिए सैक्रीन का प्रयोग किया हो तो यह कैंसर पैदा कर देगा। मधुमेह, जोड़ों के दर्द और उच्च रक्तचाप वालों के लिए कोल्ड ड्रिंक्स हानिकारक हैं। मोटापे से परेशान लोग मोटे ही रहेंगे यदि वे कोल्ड ड्रिंक्स पीते रहें तो क्योंकि एक छोटी बोतल में 150 कैलोरी मिलती है। इतनी ही कैलोरी दो रोटियों से मिलती है। यदि मोटापा घटाने के लिए डाइटिंग क्रम में रोटी त्यागी जाती है मगर ठंडा पिया जाता है तो डायटिंग का कोई फायदा नहीं। इस तरह नियमित ठंडा पीने वालों का मोटापा बढ़ेगा ही।

कुछ खास तत्व कुछ लोगों को अपना गुलाम सा बना लेते हैं। ऐसे में वह व्यक्ति एक खास ब्रांड की ही मांग करता है जैसे कुछ लोगों को पेप्सी पसंद है तो कुछ को लिम्का, किसी को कोक तो किसी को थम्स-अप। ऐसे दीवाने कोल्ड ड्रिंक पी कर न सिर्फ अपने स्वास्थ्य का कबाड़ा करते हैं बल्कि अपनी जेब का भी। हाल के वर्षों में कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल से कोल्ड ड्रिंक लोगों के लिए ज्यादा खतरनाक हो गए हैं।

हमें अपने परंपरागत सुरक्षित तथा स्वास्थ्य के लिए लाभदायक पेयों यथा मट्ठा, लस्सी, दूध, शर्बत, शिकंजी, जलजीरा व नारियल पानी को अपनाना चाहिए। इससे न सिर्फ सेहत अच्छी रहेगी बल्कि पैसे की भी बचत होगी और हम विदेशी गुलामी से भी बच सकेंगे। (स्वा. द.)

# एक्ने रहित दमकती त्वचा पाएं

नीतू गुप्ता

डे टू डे चेहरे को फेस वॉश से धोना, फिर एसपीएफ वाला माश्चराइजर लगाना ही दमकती त्वचा के लिए पर्याप्त नहीं है। हम क्या खाते हैं और हमारा लाइफ स्टाइल क्या है, इस पर भी एक्ने फ्री त्वचा और चमकती त्वचा पर प्रभाव पड़ता है। जंक फूड,अपौष्टिक आहार और वजन कम करने के कई गलत तरीके भी हमारी त्वचा पर प्रभाव डालते हैं। अगर आप एक्ने फ्री और दमकती त्वचा पाना चाहती हैं तो अपने आहार में इन्हें भी शामिल करें।



### टमाटर:-

टमाटर के नियमित सेवन से हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है जिससे हमारी त्वचा में निखार आता है। टमाटर में एंटीआक्सीडेंट होने के कारण इससे हमारे शरीर के फ्री रेडिकल्स को खत्म कर त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद मिलती है। टमाटर के साथ चुकंदर व पपीते का सेवन भी नियमित करें।

### संतरा:-

संतरा विटामिन सी से भरपूर फल होता है जिसके कारण यह हमारी त्वचा के सेल्स के पुनः निर्माण में मदद करता है। त्वचा को चिकना बनाकर त्वचा की रंगत में भी सुधार लाता है।

### लहसुन: -

शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया को लहसुन का नियमित सेवन खत्म करता है और एक्ने से फैली त्वचा को भी कम करता है। लहसुन को सुपरफूड माना जाता है जो कैंसर से भी हमारी सुरक्षा करता है और सर्दी से भी बचाता है।

### सूखे मेवे:-

एक मुट्ठी सूखे मेवों का सेवन हमें कई प्रकार के मिनरल्स, जिंक और सेलेनियम देता है जो हमारी त्वचा को हैल्दी रखते हैं। नियमित इनका सेवन करें गर्मियों में इन्हें भिगोकर खाएं।

### दही:-

दही में पाया जाने वाला लैक्टिक एसिड हमारी त्वचा से डैड स्किन सेल्स को खत्म करता है। दही में प्रोबायोटिक की मात्रा अधिक होती है। हमारी त्वचा में झुर्रियां कम करने में दही का सेवन लाभप्रद है।

### ब्रोकली:-

ब्रोकली में कोलेजन की मात्रा अधिक होती है जिससे हमारी त्वचा कोमल और हैल्दी बनी रहती है। ब्रोकली में एंटीआक्सीडेंट के अलावा विटामिन सी और ई भी पाया जाता है। विटामिन ई हमारी त्वचा के सेल्स को नष्ट होने से बचाता है विशेषकर जब त्वचा पर सूर्य की अल्ट्रावॉयलेट किरणों का प्रभाव अधिक हो। हमें ब्रोकली का नियमित सेवन करना चाहिए। (स्वा. द.)

# क्या आप परेशान हैं एलर्जी से

सुनीता गाबा

एलर्जी का नाम आते ही याद आता है जुकाम, खांसी, नाक बहना, तेज सुगंध और दुर्गंध का बर्दाश्त न होना, छींकें आना, नाक का बंद होना, नाक से खून आना, इचिंग होना आदि। ये सब एलर्जी के कारण ही होते हैं।

इनमें सब से कॉमन एलर्जी श्वसन प्रणाली में संक्रमण के प्रवेश होने से होती है क्योंकि श्वसन प्रणाली हमारी सांस लेने और छोड़ने की प्रक्रिया में सहयोग करती है। नाक में किसी भी तरह का संक्रमण या रूकावट इस प्रक्रिया को नुकसान पहुंचा सकता है।

एलर्जी वैसे कई तरह से हो सकती है जैसे फूड एलर्जी, वायुमंडल से पैदा होने वाली एलर्जी, दवाइयों द्वारा एलर्जी, पेंट, तारपीन तेल, सेंट, डियो की तेज सुगंध से एलर्जी, बीमारों के कांटेक्ट से एलर्जी।

कभी-कभी विरोधी खाद्य पदार्थों को खाने से एलर्जी हो जाती है जिससे शरीर पर रेशेज होने लगते हैं या उल्टी को मन करता है। अक्सर आपको ऐसा महसूस होता हो तो आप अपने दैनिक खान-पान को नोट करें और देखें कि किस दिन क्या खाने से आपको एलर्जी हुई है। किसी किसी को अंडा, गेहूं, पेस्ट्री आदि से एलर्जी हो जाती है।

जब मौसम में बदलाव आता है जैसे गर्मियों के बाद बारिशें और बारिशों के बाद सर्दियां आने पर कुछ लोगों का नाक बंद हो जाता है, कुछ का अधिक बहने लगता है। साधारण खांसी जुकाम, छींकें आदि आपके शरीर पर प्रभाव डालती हैं। इसका अर्थ है वातावरण में बदलाव के कारण ऐसा हो रहा है। अपने आपको पहले से बदलाव के लिए तैयार रखें।



जिन दिनों फसलें कटती हैं, उन दिनों वातावरण में पोलोन उड़ता है। यह भी एलर्जी का कारण है। प्रदूषण भी एलर्जी का बहुत बड़ा कारण है। यातायात के साधनों से निकलने वाला धुआं, सूखे पत्तों को जलाने से निकलने वाला धुंआ, फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं आदि श्वांस नलिका से अंदर पहुंच कर श्वसन प्रक्रिया को प्रभावित करता है।

कभी-कभी दवाइयां भी शरीर में एलर्जी का कारण बन जाती हैं। कुछ दवाइयां ऐसी होती हैं जैसे पैंसिलीन, ब्रूफेन आदि। इनके इलावा भी कई दवाइयां एलर्जी होती हैं। दवाइयों से एलर्जी होने पर तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें ताकि एंटी एलर्जी दवाई देकर बढ़ती तकलीफ को सुधारा जा सके। आगे से किसी भी डॉक्टर के पास जाएं तो उन दवाओं के बारे में बता दें कि उनसे मुझे एलर्जी है।

कभी कभी जानवरों की नजदीकी या कुछ पेड़ पौधों से एलर्जी होती है ऐसे में इन चीजों से दूरी बना कर रखें। जानवरों के सम्पर्क में न आएं। अगर घर पर कोई पालतू जानवर है तो उसे गोदी में न लें। न तो बिस्तर पर बैठाएं, न ही अपने कमरे में उसे आने दें। अपने शरीर के किसी अंग को छूने व चाटने न दें, विशेष कर उसके स्लाइवा से स्वयं को बचा कर रखें।

बहुत से लोगों को इत्रा या सुगंध या किसी चीज की तेज दुर्गंध से एलर्जी होती है। शरीर पर छोटे छोटे दाने या पैचेज हो जाते हैं जिन पर बहुत खुजली होती है। ऐसे में इत्रा का प्रयोग न करें, दुर्गंध, वाली चीजों या स्थान से दूर रहें।

### साधारण बचाव के उपाय:-

- पोलेन और डस्ट से एलर्जी होने पर मास्क का प्रयोग करें।
- अधिक ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक्स, अधिक गर्म पेय वस्तुओं का सेवन न करें
- नमीयुक्त स्थानों पर न रहें।
- घर को एलर्जी फ्री बनाएं। घर को साफ रखे।, पालतू जानवर न पालें, दिन में खिड़की, दरवाजे थोड़ी देर के लिए खोल दें।
- घर में अधिक फर्नीचर या सामान की भीड़ न रखें।
- पर्दों, बेडशीट्स, पिलो कवर को नियमित अंतराल में बदलते रहें। जांच करते रहें। जब भी फोम, रबड़ टूटने लगे तुरंत बदल दें।
- पालतू जानवरों से दूरी बना कर रखें।
- अधिक एंटी एलर्जिक दवाओं का प्रयोग न करें। इससे इम्यूनिटी सिस्टम प्रभावित होता है।
- नियमित व्यायाम करें। भोजन पौष्टिक और हल्का करें। (स्वा. द.)

# आप भी रह सकती हैं चुस्त उन दिनों में

सुनीता गाबा

महिलाओं के लिए माहवारी एक प्राकृतिक देन है। माहवारी के दिनों में महिलाएं अपने आप को सुस्त और ढीला महसूस करती हैं। सिर्फ इन दिनों में ही नहीं बल्कि 4-5 दिन पूर्व ही उन्हें आभास होने लगता है और वे सुस्त-सुस्त रहने लगती हैं। स्वभाव भी चिड़चिड़ा हो जाता है। हार्मोन्स की तब्दीली के कारण ही ऐसा होता है।

कई महिलाओं को इन दिनों में बहुत जोर से पेट, पेडू, कमर, टांगों में दर्द होता है और कई महिलाओं को उलटी आने की इच्छा या सिरदर्द होता है। सभी महिलाओं में इसके लक्षण अलग-अलग होते हैं। माहवारी के दिनों में आप भी रोजमर्रा की तरह प्रसन्न रह सकती हैं, अपने काम पर जा सकती हैं और रसोई तथा परिवार को अच्छी तरह संभाल सकती हैं। ध्यान दें कुछ विशेष टिप्स पर:-



- माहवारी के दिनों में लगातार खड़े होकर काम न करें। जब भी थकान महसूस करें, थोड़ा आराम कर लें।
- इन दिनों अधिक तनाव न पालें, न ही अधिक भागदौड़ करें।
- यदि आप खेलों में रूचि रखती हैं तो खेलना बंद न करें। खेलने जाएं पर थोड़ा समय खेलें। इन दिनों सुस्त बैठे रहने से और अधिक सुस्त बनेंगी और तनावग्रस्त भी, इसलिए थोड़ा व्यायाम अवश्य करें ताकि तनाव कम हो।
- घर के सदस्यों से अपनी समस्या को छिपाएं नहीं बल्कि इस बाबत उन्हें जानकारी दें ताकि वे आपको सहयोग दे सकें। माहवारी के दिनों में दिन में दो बार पैंटी बदलें। वैसे गंदी होते ही दूसरी पैंटी बदल लें। ध्यान दें कि पैंटी हमेशा सूती ही पहनें। पैंटी को साथ साथ ही धो दें ताकि कोई दाग उस पर न रहे। बाद में डेटॉल कीटाणुनाशक पानी में डालकर कुछ समय उन्हें भीगने दें।
- इन दिनों अपने भोजन पर विशेष ध्यान दें। पौष्टिक आहार में फल, सलाद, अंकुरित दालें, हरी सब्जियां आदि लें। स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन जरूरी है।
- अधिक दर्द होने पर थोड़ा आराम कर लें और गर्म पानी की बोतल का सेंक करें।
- अपनी मर्जी से दर्दनाशक दवा का सेवन न करें। अधिक दर्द रहने पर डॉक्टर से परामर्श लें। अनियमित माहवारी आने पर, स्राव बहुत अधिक होने पर या बहुत कम होने पर या अन्य कोई असामान्य लक्षण होने पर तुरंत महिला रोग विशेषज्ञ से सम्पर्क करें।
- माहवारी के दिनों में अपनी साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। स्नान अवश्य करें और वस्त्रा भी बदलें। अपने जननांगों की सफाई अच्छी तरह करें ताकि संक्रमण होने का कोई खतरा न रहे।
- अच्छी कंपनी के सेनिटरी नेपकिन का उपयोग करें। आवश्यकतानुसार बदलें। घर के पुराने वस्त्रों का यदि प्रयोग कर रही हैं तो उन्हें अच्छी तरह धोकर, सुखाकर प्रयोग में लाएं। यदि आप कामकाजी महिला हैं तो अतिरिक्त नेपकिन पर्स में रखें। माहवारी की तिथि से तीन-चार दिन पूर्व ही नेपकिन पर्स में रखें ताकि परेशानी का सामना न उठाना पड़ें।
- इन दिनों अपना आत्मविश्वास बनाए रखें क्योंकि यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जो हर महिला के जीवन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। किसी प्रकार की हीन भावना मन में न पालें। (उर्वशी)

# असम में 2026 का विधानसभा चुनाव 'भारत और ब्रिटेन' के बीच होगा : हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि 2026 में राज्य विधानसभा चुनाव ''भारत और ब्रिटेन'' के बीच लड़ा जाएगा। शर्मा ने गौरव गोगोई के राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के एक दिन बाद यह टिप्पणी की है। माना जा रहा है कि उन्होंने यह टिप्पणी गोगोई की ब्रिटिश पत्नी का परोक्ष संदर्भ देते हुए की। भाजपा पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई के साथ गोगोई की पत्नी के कथित संबंधों को लेकर उनपर हमला कर रही है। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि करीब 2,000 फेसबुक अकाउंट असम विधानसभा चुनावों पर टिप्पणी कर रहे हैं, जिनमें से आधे बांग्लादेश और पाकिस्तान से हैं। मुख्यमंत्री ने गोगोई की पत्नी और बच्चों की नागरिकता का जिक्र करते हुए कहा, ''परिवार में एक भारतीय और तीन विदेशी हैं। (विधानसभा चुनाव के लिए) लड़ाई भारत और ब्रिटेन के बीच होगी। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन बड़ा है – भारत या ब्रिटेन। ''गोगोई की ओर से शर्मा की टिप्पणी पर तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। गोगोई ने कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में मंगलवार को कार्यभार संभालने के बाद 'जुज होबो' (युद्ध होगा) के नारे के साथ अपनी पारी की शुरुआत की और पार्टी कार्यकर्ताओं से अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए खुद को तैयार करने का आग्रह किया। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार का नेतृत्व कर रहे शर्मा ने दावा किया, ''अगर भूपेन कुमार बोरा (पूर्व असम कांग्रेस अध्यक्ष) बने रहते तो मुकाबला होता, लेकिन अब कोई मुकाबला नहीं होगा। 10 सितंबर को बहुत कुछ सामने आएगा। ''असम के मुख्यमंत्री ने पहले दावा किया था कि गोगोई की ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न ने भारत और पाकिस्तान के बीच 19 बार यात्रा की थी। शर्मा दावा कर रहे हैं कि असम सरकार के पास गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंधों के आरोपों को पुष्ट करने के लिए दस्तावेजी सबूत हैं और वह 10 सितंबर तक सब कुछ सार्वजनिक कर देंगे। विधानसभा चुनाव में गोगोई और शर्मा के बीच अंतर के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''मेरे घर में कोई विदेशी नहीं है। मेरे घर में मेरी तरह के सभी लोग हैं। इसलिए, उनके और मेरे बीच बहुत बड़ा अंतर है।'' उन्होंने कहा, ''मैं बहुत संघर्ष के बाद इस पद पर पहुंचा हूं। मेरे पिता मुख्यमंत्री नहीं थे और मेरे पास घर में सोने का चम्मच नहीं था।''

## मुस्लिम धर्म गुरुओं की समुदाय से खुले में कुर्बानी नहीं करने की अपील

**नयी दिल्ली :** ईद-उल अज़हा से पहले मुस्लिम धर्म गुरुओं ने समुदाय से बकरीद पर खुले में या सड़कों पर जानवरों की कुर्बानी नहीं करने और इनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर नहीं डालने की अपील की है। प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने एक बयान में कहा कि मुसलमान कुर्बानी करते समय सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन करें और प्रतिबंधित जानवरों की कर्बानी से बचें। मुसलमानों को ईद-उल-अज़हा के मौके पर साफ़-सफ़ाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए मदनी ने कहा जानवरों के अवशेषों को सड़कों, गलियों और नालियों में न फेंकें, बल्कि उन्हे इस तरह से दफ़न किया जाए कि बदबू न फैले। हर मुमकिन कोशिश की जाए कि हमारे किसी कार्य से किसी को तकलीफ न पहुंचे। उन्होंने समुदाय से कहा कि वे कुर्बानी की तस्वीरें-वीडियो सोशल मीडिया आदि पर साझा करने से बचें।

# सिक्किम के लाचेन में पहुंचे सेना के जवान, फंसे हुए 113 लोगों को बाहर निकालेंगे



**गंगटोक :** सेना के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन गांव तक पैदल मार्ग बनाकर वहां फंसे 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाने में सफल हो गए हैं। यह क्षेत्र मंगन जिले में भारी बारिश के बीच हुए कई भूस्खलनों की वजह से बाकी राज्य से पूरी तरह से कटा हुआ था। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में फंसे इन पर्यटकों को जल्द ही निकाला जाएगा। गत एक जून को छातेन में एक सैन्य शिविर में भूस्खलन के बाद लापता छह लोगों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान भी जारी है। बयान में कहा गया है, ''सेना ने लाचेन गांव तक पैदल संपर्क स्थापित किया है और फंसे हुए 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाई है, जिन्हें जल्द ही निकाला जाएगा। ''भारतीय सेना के जवान उत्तरी सिक्किम में स्थानीय लोगों और फंसे हुए पर्यटकों की सहायता के लिए खतरनाक इलाकों में लगातार काम कर रहे हैं। दो दिन पहले लाचुंग और चुंगथांग से कम से कम 1,678 पर्यटकों को बचाया गया, जबकि कुछ विदेशियों और सशस्त्र बलों के परिवार के सदस्यों सहित 34 अन्य को सफलतापूर्वक हवाई मार्ग से निकाला गया। हालांकि, एक अधिकारी ने बताया कि भूस्खलन प्रभावित छातेन में लापता छह लोगों की तलाश के अभियान में बेहद खराब मौसम, ऊबड़-खाबड़ जमीन और चुनौतीपूर्ण ऊंचाई वाले इलाके की वजह से बाधा आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को सिक्किम में आंधी और भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसमें कहा गया है कि गंगटोक, मंगन, नामची, पाकयोंग और सोरेंग जिलों में खराब मौसम बने रहने की आशंका है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### त्रिपुरा में 13 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला :** पश्चिमी त्रिपुरा के हापानिया क्षेत्र से कुल 13 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये 13 बांग्लादेशियों में से दो महिलाएं हैं और शेष पुरुष हैं। अमताली उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) साकार चंद्र दास ने बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगलवार रात हापानिया में त्रिपुरा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निकट किराये के एक मकान में छापेमारी की और 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शुरू में उन्होंने दावा किया कि वे बांग्लादेश के चटगांव हिल ट्रैक्ट (सीएचटी) से सटे त्रिपुरा के गंडाचेर्रा उपखंड के निवासी हैं और इलाज के लिए हापानिया आए हैं। उन्होंने बताया, हालांकि, वे त्रिपुरा के निवासी होने के अपने दावे को प्रमाणित करने वाले कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। तलाशी के दौरान, हमें कुछ बांग्लादेशी दस्तावेज मिले, जिनसे पता चलता है कि वे वास्तव में बांग्लादेशी नागरिक थे। अधिकारी ने बताया कि उन्हें बिना वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से भारत में घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### महिला को घर के अंदर से गर्दन दबोच कर घसीट ले गया बाघ, खेत में मिला शव

**पीलीभीत (उप्र) :** पीलीभीत के हजारा थानाक्षेत्र में बाघ घात लगाकर एक महिला को घर के अंदर से गर्दन दबोच कर गन्ने के खेत में घसीट ले गया। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि बाघ ने महिला पर मंगलवार को उस समय हमला किया जब वह नल के पास बर्तन धो रही थी। उन्होंने बताया कि महिला का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ। वन अधिकारियों ने बताया कि बाघ 45 वर्षीय महिला को उसके घर के अंदर से गर्दन दबोचकर घसीटकर ले गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वन अधिकारियों ने बताया कि महिला का शव बाद में गन्ने के खेत से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने खेत की घेराबंदी करके शोर मचाया तो बाघ महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। उन्होंने बताया कि जब लोग मौके पर पहुंचे तो महिला की मौत हो चुकी थी।

### सीडीएस और सेना प्रमुख ने सिक्किम में भूस्खलन में दो सैन्यकर्मियों की मौत पर शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बुधवार को सिक्किम में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो सैन्यकर्मियों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। मंगन जिले में लाचेन कस्बे के पास रविवार को एक सैन्य शिविर भूस्खलन की चपेट में आ गया था। भारतीय सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ 'पूरी तरह खड़ी है। 'उसने कहा, ''भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सभी कर्मी उत्तरी सिक्किम के चाटेन में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में हवलदार लखविंदर सिंह और लांस नायक मुनीश ठाकुर के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं।

# भारत में दिल की जटिल सर्जरी से इराकी बच्चे को नया जीवन मिला

**नयी दिल्ली :** कावासाकी रोग से पीड़ित इराक का दो साल के बच्चे को, जिसका हृदय महज 25 फीसदी काम कर रहा था, गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में पांच घंटे की जटिल सर्जरी के बाद नया जीवन दिया गया। इराकी कुर्दिस्तान के बच्चे में हृदय संबंधी घातक जटिलताएं विकसित हो गई थीं। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में उसकी 'कोरोनरी आर्टरी बाइपास ग्राफ्ट (सीएबीजी) सर्जरी' की गई। अस्पताल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कावासाकी रोग, जिसे 'म्यूकोक्यूटेनियस लिम्फ नोड सिंड्रोम' के नाम से भी जाना जाता है, पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करने वाली एक घातक बीमारी है, जिसमें रक्त वाहिकाओं में सूजन की शिकायत सताती है और हृदय को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। बयान के अनुसार, कावासाकी रोग में हृदय संबंधी गंभीर जटिलताएं विकसित हो सकती हैं और प्रभावित बच्चों में से लगभग पांच फीसदी में हृदय में रक्त का प्रवाह करने वाली धमनी बेहद संकरी हो जाती है। बयान में कहा गया है कि बच्चा जब आठ महीने का था, तब उसके कावासाकी रोग से पीड़ित होने की बात सामने आई थी। इसमें बताया गया है कि बच्चे की हालत धीरे-धीरे बिगड़ती चली गई, उसे सांस लेने में तकलीफ लेने की शिकायत सताने लगी, वह जल्दी थकने लगा और खेलने-कूदने में असमर्थ हो गया।

# एलन मस्क के पिता ने अयोध्या के राम मंदिर का दौरा किया, इसे अद्भुत अनुभव बताया



**अयोध्या (उप्र) :** दुनिया के शीर्ष उद्योगपतियों में शुमार एलन मस्क के पिता एरोल मस्क ने बुधवार अपराह्न अयोध्या में राम मंदिर का दौरा किया और इस अनुभव को ''अद्भुत'' और अपने अब तक के ''सबसे बेहतरीन कामों'' में से एक बताया। एरोल ने पास के हनुमानगढ़ी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। पहले उनका आगरा में ताजमहल देखने का भी कार्यक्रम था, लेकिन अत्यधिक गर्मी के कारण यह योजना रद्द हो सकती है। एरोल ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''यह अद्भुत है, बिल्कुल अद्भुत (अयोध्या यात्रा)। यह मेरे द्वारा अब तक किए गए सबसे अच्छे कामों में से एक है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं इसे देखने आया और मंदिर के पूरा होने का इंतजार नहीं कर सकता, यह बड़ा मंदिर है, यह दुनिया के किसी अजूबे जैसा होगा।'' दोनों मंदिरों में दर्शन के बाद पत्रकारों से अलग-अलग बातचीत में उन्होंने कहा, ''भारत में मेरा अनुभव शानदार रहा है। मैं सर्वोटेक के साथ काम करना शुरू करने के लिए यहां (भारत में) आया हूं और देश में बहुत समय बिताने के लिए उत्सुक हूं। मंदिर अद्भुत हैं, और लोग भी अद्भुत हैं।''

# भारत बना विजेता, पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान की अध्यक्षता करेगा




**नयी दिल्ली :** बेल्जियम स्थित अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (आईआईएएस) के 100 साल के इतिहास में पहली बार भारत इसकी अध्यक्षता करेगा। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को कहा गया कि भारत ने आईआईएएस की अध्यक्षता हासिल करने में जीत दर्ज की है। आईआईएएस एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन है जो 31 सदस्य देशों, 20 राष्ट्रीय अनुभागों और 15 शैक्षिक अनुसंधान केंद्रों का एक संघ है, जो लोक प्रशासन पर वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए संयुक्त रूप से सहयोग कर रहा है। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने 1998 से आईआईएएस के सदस्य देश के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। आईआईएएस के 2025-2028 के अध्यक्ष पद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर 2024 में सचिव डीएआरपीजी वी श्रीनिवास के रूप में भारतीय उम्मीदवारी को नामित किया था। आईआईएएस अध्यक्ष पद के लिए सुनवाई फरवरी 2025 में नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुई। चार देशों (भारत, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रिया और बहरीन) ने 2025-2028 की अवधि के लिए आईआईएएस अध्यक्ष पद के लिए अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए।

# हम सीमापार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन करते हैं: आस्ट्रेलिया



**नयी दिल्ली :** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए अपने रणनीतिक सहयोग का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर नयी दिल्ली की जबर्दस्त जवाबी कार्रवाई के प्रति आस्ट्रेलियाई समर्थन की सराहना की। भारत की यात्रा पर आये आस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ अपनी वार्ता में सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा में जवाब देने का अधिकार है तथा इस कायराना हमले के बाद भारत की कार्रवाई नपी-तुली, गैर-बढ़ावा देने वाली तथा जिम्मेदाराना थी। बैठक में अपने संबोधन में ऑस्ट्रेलियाई नेता ने कहा कि भारत के साथ आस्ट्रेलिया के संबंध 'सर्वोच्च प्राथमिकता' के हैं और यह ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय हित के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मार्लेस की नयी दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है।

# भारत ने तीन भारतीयों को बचाने के लिए ईरान को धन्यवाद दिया

**तेहरान :** भारत ने पिछले महीने लापता हुए तीन भारतीयों को सुरक्षित बचाने के लिए बुधवार को ईरान को धन्यवाद ज्ञापित किया। भारत ने कहा कि ईरान का समर्थन दोनों देशों की ''मित्रता की सच्ची भावना'' को दर्शाता है। ईरान से संचालित समाचार एजेंसी 'तस्नीम' ने मंगलवार को अपनी खबर में कहा, ''दक्षिणी तेहरान के वरामिन में बंधक बनाने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गई और बंधकों को मुक्त करा लिया गया। ''ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''तीनों अपहृत भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया गया है और अब वे भारतीय दूतावास की देखरेख में हैं, जो उनकी शीघ्र स्वदेश वापसी में सहायता कर रहा है। ''भारतीय दूतावास ने कहा, ''हम उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए ईरान सरकार की त्वरित और प्रभावी कोशिशों के लिए उनका दिल से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। आपका समर्थन हमारे दोनों देशों के बीच मित्रता की सच्ची भावना को दर्शाता है। ''नयी दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास ने भी मंगलवार को अपहृत भारतीय नागरिकों को मुक्त कराने की पुष्टि की। ईरान के दूतावास ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''तेहरान पुलिस ने तीन लापता भारतीय नागरिकों को मुक्त करा लिया है।''

# राष्ट्रपति मुर्मू ने 92 विशिष्ट सेवा अलंकरण प्रदान किए



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को सशस्त्र बलों के कई शीर्ष अधिकारियों और भारतीय तटरक्षक बल तथा सीमा सड़क संगठन के अन्य कर्मियों को असाधारण सेवा प्रदान करने के लिए विशिष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार और लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ (जो वर्तमान में क्रमशः सेना की पश्चिमी कमान और दक्षिणी कमान के कमांडर के रूप में कार्यरत हैं) ने यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह 2025 (चरण- खख) के दौरान परम विशिष्ट सेवा मेडल (पीवीएसएम) प्राप्त किया। सैन्य अभियानों के महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को उत्तम युद्ध सेवा पदक (यूवाईएसएम) से सम्मानित किया गया। वह हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सैन्य ब्रीफिंग में एक प्रमुख चेहरा थे। लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार को अति विशिष्ट सेवा पदक (एवीएसएम) प्राप्त हुआ। वह कर्तव्य पथ पर 2025 के गणतंत्र दिवस परेड में परेड कमांडर थे।

# अयोध्या: राम दरबार सहित कई मंदिरों में, सीएम योगी रहेंगे मौजूद

**अयोध्या :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम अयोध्या के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री पांच जून यानी आज राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार समेत अन्य विग्रहों के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बने। वे समारोह के मुख्य यजमान रहेंगे। सीएम राम दरबार की मूर्ति से आवरण हटाएंगे और नेत्रोमिलन की भी प्रक्रिया पूरी करेंगे। संयोग यह है कि पांच जून को सीएम योगी आदित्यनाथ का 53 वां जन्मदिन है। वह इस बार अपना जन्मदिन अयोध्या में मनाएंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को अयोध्या पहुंचेंगे। वे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। हनुमान गढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे। मणिराम दास की छावनी जाकर महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा सरयू महोत्सव का भी उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। नगर निगम के उपलब्धि समारोह में भी सीएम योगी के जाने की संभावना है। मंदिर परिसर में समारोह की तैयारियां तेजी से चल रही है। एक छोटा पंडाल भी सजाया जा रहा है। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे व मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव ने मंदिर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसपी सुरक्षा ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा अभेद्य है। आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से मंदिर की निगहबानी की जा रही है। एटीएस, सीआपीएफ, पीएसी समेत सिविल पुलिस के जवानों की टीम तैनात कर दी गई है।

# ज्योति मल्होत्रा के संपर्क में रहा पंजाब का यूट्यूबर गिरफ्तार



**चंडीगढ़ :** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ कथित रूप से निकट संपर्क में रहे पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इससे पहले एक 'आतंकवाद समर्थित जासूसी नेटवर्क' का पता लगाया, जो उसे पाकिस्तान के खुफिया और सैन्य अधिकारियों से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 'जान महल' नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। उन्होंने कहा कि वह जासूस के आरोपों में नयी दिल्ली से हाल में निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में था और पड़ोसी देश की अपनी तीन यात्राओं में से एक में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों से मिला था। सिंह को मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया जिसने उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया। सिंह के यूट्यूब चैनल पर 11 लाख से ज्यादा 'सब्सक्राइबर' हैं। वह ज्योति मल्होत्रा के साथ कथित रूप से निकट संपर्क में था, जिसे हरियाणा पुलिस ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' 'जान महल' नामक एक यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले जसबीर सिंह का संबंध पीआईओ शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के साथ पाया गया है, जो आतंक-समर्थित जासूसी नेटवर्क का हिस्सा है।'' डीजीपी ने बताया कि उसका दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के उस अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से भी संपर्क था, जिसे भारत से निष्कासित कर दिया गया था। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला है कि दानिश के निमंत्रण पर जसबीर दिल्ली में 'पाकिस्तान राष्ट्रीय दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुआ था, जहां उसकी मुलाकात पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और व्लॉगर्स से हुई थी।

## नक्सल प्रभावित लोगों का पुनर्वास और शांति स्थापित करना राज्य और केंद्र का कर्तव्य: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि नक्सली हिंसा से प्रभावित छत्तीसगढ़ के निवासियों के पुनर्वास और शांति स्थापित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाना राज्य और केंद्र का कर्तव्य है। इसी के साथ शीर्ष अदालत ने राज्य में सुरक्षा बलों और सलवा जुडूम कार्यकर्ताओं द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप वाले 18 वर्ष पुराने मामलों को बंद कर दिया।

# आईआरसीटीसी पर आपका अकाउंट हो सकता है बंद, जल्दी से करा लें सत्यापन

**नई दिल्ली :** रेलवे में प्रतिदिन करीब सवा दो लाख यात्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से तत्काल का टिकट लेते हैं। दिनांक 24 मई से 2 जून तक की ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के पैटर्न का विश्लेषण किया गया, तो पाया गया कि एसी क्लास में कुल औसतन 108000 टिकटों में मात्र 5615 टिकट ही पहले मिनट में बुक हुए। जबकि विंडो ओपन होने के दूसरे मिनट में 22827 टिकट बुक हुए। वातानुकूलित पुलिस क्लास का विंडो ओपन होने के पहले 10 मिनट में औसत 67159 टिकट ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बुक किए गए, जो ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बुक किए गए कुल टिकटों का 62.5% है। वातानुकूलित क्लास का विंडो ओपन होने के पहले घंटे में 92861 टिकट बुक किए गए, जो वातानुकूलित श्रेणी में ऑनलाइन तरीके से बुक किए गए कुल टिकटों का 86% रहा। 4.7% टिकट विंडो ओपन होने से पहले घंटे से चौथे घंटे के बीच में बुक हुए। जबकि चौथे घंटे से दसवें घंटे के बीच में 6.2% टिकटों की बिक्री हुई। शेष 3.01% टिकट विंडो ओपन होने के 10 घंटे के बाद बुक किए गए। गैर वातानुकूलित श्रेणी में 24 मई से 2 जून के बीच प्रतिदिन औसतन 118567 टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग हुई, जिसमें 4724 टिकट जो कि कुल टिकटों का 4% है, की बुकिंग पहले मिनट में ही हो गई। दूसरे मिनट में 20786 टिकट बिके जो कुल टिकटो का 17.5% रहा। विंडो ओपन होने के पहले 10 मिनट में 66.4% टिकटों की बिक्री हुई। विंडो ओपन होने के प्रथम 1 घंटे में 84.02% टिकटों की बिक्री हुई और शेष टिकट अगले 10 घंटे में बुक हुए। इससे स्पष्ट होता है कि ऑनलाइन सिस्टम पर तत्काल टिकट लोगों को मिल रहे हैं और विंडो ओपन होने के 8 से 10 घंटे बाद भी कुल टिकटों का लगभग 12% टिकट बुक किया गया है। रेलवे ने ऑनलाइन माध्यम से ऑटोमेटेड टूल का इस्तेमाल कर टिकट बुकिंग करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है, जिसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग किया जा रहा है। रेलवे द्वारा विकसित किए गए विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से पिछले 6 महीने में 2.4 करोड़ से अधिक यूजर्स को डीएक्टिवेट करते हुए उन्हें ब्लॉक किया गया है। करीब 20 लाख दूसरे अकाउंट को भी संदिग्ध पाया गया है, जिनके आधार एवं दूसरे डॉक्यूमेंट की जांच की जा रही है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर अभी 13 करोड़ से ज्यादा एक्टिव सब्सक्राइबर हैं, जिनमें आधार प्रमाणित अकाउंट की संख्या 1.2 करोड़ है। आईआरसीटीसी ने उन सभी अकाउंट की विशेष जांच का फैसला लिया है, जो आधार से ऑथेंटिकेटेड नहीं है। संदिग्ध पाए जाने पर अनऑथेंटिकेटेड खातों को बंद करने का फैसला किया जाएगा। रेलवे की कोशिश है कि जेनुइन पैसेंजर को ही तत्काल एवं प्रीमियम तत्काल सेवा के तहत टिकट प्राप्त हो। जिन अकाउंट होल्डर द्वारा अपने खाते को आधार से लिंक कर दिया जाएगा, उन्हें तत्काल बुकिंग के पहले 10 मिनट में प्राथमिकता हासिल होगी। आईआरसीटीसी के अधिकृत एजेंटों को भी तत्काल विंडो ओपन होने के पहले 10 मिनट में सिस्टम पर टिकट बुकिंग की इजाजत नहीं है। ऐसे में आईआरसीटीसी अकाउंट का सत्यापन आधार से करना जरूरी हो गया है।

# मध्यप्रदेश के झाबुआ में ट्रक के वैन पर पलटने से नौ लोगों की मौत, दो घायल



**झाबुआ (मध्यप्रदेश) :** मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के सीमेंट से लदे एक ट्रक के एक वैन पर पलट जाने से पांच नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। प्रधानमंत्री की ओर से उनके कार्यालय (पीएमओ) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं मध्यप्रदेश के झाबुआ में हुए हादसे में लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति मेरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' इसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री यादव ने एक पोस्ट में कहा, ''झाबुआ जिले के सजेली रेलवे फाटक पर हुए हादसे में एक ही परिवार के नौ लोगों के काल-कवलित होने और दो लोगों के घायल होने के समाचार से हृदय अत्यंत व्यथित है।''

# प्रशंसकों ने सड़कों पर कतार में खड़े होकर किया आईपीएल चैंपियन आरसीबी का स्वागत







**बेंगलुरु :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से अभिवादन किया। रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष अनुमति दिए जाने के बाद विधान सौध से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली बस परेड भी शाम पांच बजे शुरू होगी। इससे पहले बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। आरसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, 'हम सभी प्रशंसकों से पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध करते हैं, ताकि इसका आयोजन शांतिपूर्वक हो सके।' शहर में बारिश के मौसम ने भी अधिकारियों को ऐसा निर्णय लेने के लिए मजबूर किया होगा। इसके साथ ही आरसीबी की जीत के बाद कल रात भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।

## तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया लेकिन यह पल इंतजार के लायक था : कोहली

**अहमदाबाद :** अठारह साल के लंबे इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने का जश्न मैदान पर उमड़े आंसुओं और अपने साथी खिलाड़ियों के साथ मनाने के बाद विराट कोहली ने अपना हाल ए दिल सोशल मीडिया पर भी साझा करते हुए लिखा कि यह पल इंतजार के लायक था। कोहली ने पंजाब किंग्स पर फाइनल में छह रन से मिली जीत के बाद इंस्टाग्राम पर लिखा, 'इस टीम ने यह सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। हमने पिछले ढाई महीने में इस सफर का पूरा मजा लिया।' उन्होंने कहा, 'यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिये है जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों



की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिये है। यह टीम के लिये खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिये है।' कोहली ने कहा, 'जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो .. तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिये 18 साल तक इंतजार कराया लेकिन यह पल इंतजार के लायक था।' वहीं उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। इस तस्वीर पर कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) वहीं दूसरे स्टेटस में आरसीबी के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है, 'शानदार प्रदर्शन पार्टनर। अब जाओ और असली काम करो और डाइपर्स बदलने के लिये तैयार हो जाओ।'

## कर्नाटक सरकार ने विधान सौध में आईपीएल चैम्पियन आरसीबी का स्वागत किया

**बेंगलुरू :** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को सम्मानित किया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सौध के सामने बनी भव्य सीढियों पर स्वागत किया। एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरू फेटा (पारंपरिक पगड़ी) , शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई। इस कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे।

# अनियंत्रित प्रशंसक, तैयारियों में चूके अधिकारी , नतीजा मातम में बदला जश्न

**बेंगलुरू :** 'मुझे नहीं पता कि मेरी गलती क्या है? हमारे पास टिकट थे', आरसीबी के एक समर्थक ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर यह बात कही जो आईपीएल में टीम की जीत के जश्न को देखने आया था लेकिन भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। इसके अलावा 33 चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए। मुख्य द्वार नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस प्रवेश द्वार नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिये पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढे तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने कहा, 'हम अपने सितारों को देखने आये थे। मैने समारोह के टिकट लिये थे लेकिन भीतर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिये और मुख्य द्वार के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया।' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि हमारी क्या गलती थी। हमें समारोह का न्यौता मिला था, हमने टिकट खरीदे थे लेकिन मार और गालियां खाई। हमारे जैसे प्रशंसकों के लिये भयावह दिन।'' करीब साढे चार बजे कुबोन पार्क मेट्रो स्टेशन से और भीड़ आ गई जिससे पुलिस को हल्का बलप्रयोग करना पड़ा। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने इस रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे। दूर से भी महिलाओं को बेहोश होकर गिरते देखना और प्रशंसकों को एक दूसरे को कुचलकर भागते देखना दुखद था। स्टेडियम के भीतर कार्यक्रम एक घंटे तक चला और टीम साढे छह बजे वापिस लौट गई लेकिन प्रशंसक स्टेडियम के पास ही रहे जिससे ट्राफिक जाम हो गया और अफरा तफरी फैलती रही।



## आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना होनी चाहिये थी : बीसीसीआई सचिव सैकिया

**नयी दिल्ली :** बीसीसीआई ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की आईपीएल जीत के जश्न में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर बुधवार को मची भगदड़ के लिये तैयारियों में चूक को दोषी ठहराया जबकि आरसीबी टीम प्रबंधन ने कहा कि क्रिकेटप्रेमियों की भावनाओं के साथ हमदर्दी रखनी चाहिये। आरसीबी के 18 साल के इंतजार के बाद पहले आईपीएल खिताब जीतने से शहर में जश्न का माहौल था जो आज गम में बदल गया। स्टेडियम के बाहर करीब दो लाख प्रशंसक जुटे थे जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं सकी। इससे अफरा तफरी फैल गई और 11 प्रशंसकों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक घायल हो गए। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई से कहा, 'यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। यह लोकप्रियता का नकारात्मक पहलू है।

# थाईलैंड ने मैत्री फुटबॉल मैच में भारत को 2–0 से हराया

**पथुम थानी (थाईलैंड) :** एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के महत्वपूर्ण मैच से पहले भारतीय टीम को बुधवार को यहां अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैच में थाईलैंड से 0–2 से हार का सामना करना पड़ा। थाईलैंड के लिए बेंजामिन डेविस और पोरामेट अर्जविलई ने क्रमश: आठवें और 59वें मिनट में गोल किए, जिससे घरेलू टीम ने थम्मासैट स्टेडियम में मैच पर दबदबा बनाए रखा। भारत ने इस हार से पहले दोनों टीमों के बीच हुए पिछले दो मैचों जीत हासिल की थी। विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज थाईलैंड ने हालांकि इस मुकाबले में 127वें पायदान पर काबिज भारत को ज्यादा मौके नहीं दिये। करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री के पास मैच के 24वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन उनके शानदार हेडर को थाईलैंड के गोलकीपर सरनोन अनुई ने डाइव लगाकर बचा लिया। छेत्री ने 2019 एएफसी एशियाई कप में थाईलैंड के खिलाफ भारत की 4–1 की जीत में दो गोल किए थे। भारत ने उसी साल (2019 में) किंग्स कप में भी थाईलैंड को 1–0 से हराया था। यह मैच 10 जून को कोवलून में हांगकांग के खिलाफ



भारत के एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के महत्वपूर्ण मैच की तैयारी का हिस्सा था।



# भारत के साथ साझेदारी को लेकर दूसरे देश उत्साहित: भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन :** अमेरिका के दौरे पर आए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा है कि भारत में निवेश को लोकतंत्र, जिम्मेदार नागरिक नेतृत्व और वैश्विक प्रगति में निवेश के रूप में देखा जा रहा है। सूर्या ने यहां पीटीआई–भाषा के साथ बातचीत में कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाले बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के चार देशों के दौरे के दौरान उत्साही प्रतिक्रिया पर प्रकाश डाला। यह प्रतिनिधिमंडल ब्राजील की यात्रा पूरी करने के बाद मंगलवार को अमेरिका पहुंचा। इसके पहले प्रतिनिधिमंडल गुयाना, पनामा एवं कोलंबिया की यात्रा कर चुका है। भाजपा सांसद ने



कहा, 'हर एक देश इस बात को लेकर उत्साहित था कि वे भारत को क्या दे सकते हैं और भारत उन्हें क्या दे सकता है।' उन्होंने रेखांकित किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े तथ्यों को सामने रखने के साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने विनिर्माण और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में संभावित साझेदारी पर भी बात की। सूर्या ने कहा, 'कई देश जो विनिर्माण में रुचि रखते हैं, जो प्रौद्योगिकी में रुचि रखते हैं, वे भारत के साथ साझेदारी करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'लोग जानते हैं कि भारत में निवेश लोकतंत्र में किया गया निवेश है और भारत में निवेश जिम्मेदार नागरिक नेतृत्व में निवेश है। इसका मतलब वैश्विक प्रगति भी है।' उन्होंने कहा कि पिछले 20–30 वर्षों में दुनिया को हिला देने वाले हर आतंकवादी हमले की जांच सीधे या परोक्ष रूप से पाकिस्तान से जुड़ती रही है। प्रतिनिधिमंडल के एक अन्य सदस्य और शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा, 'भारत में अमेरिकी निवेश जारी रखने के लिए देश को शांति की जरूरत है। भारत को मजबूत सीमाओं की जरूरत है।

## रुपया 26 पैसे टूटकर 85.87 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे टूटकर 85.87 पर बंद हुआ। व्यापक रूप से, आयातकों की डॉलर मांग के कारण रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रूस–यूक्रेन के बीच भू–राजनीतिक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण रुपये पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.69 पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.69 के उच्च और 86.05 के निचले स्तर के बीच रहा। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.87 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 22 पैसे टूटकर 85.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, फैसला शुक्रवार को

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती का फैसला लिया जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिन तक चलने वाली बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू परिवेश को देखते हुए नीतिगत दर पर विचार किया जाएगा। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी शुक्रवार को दी जाएगी। इसके पहले आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में हुई पिछली दो मौद्रिक समीक्षा बैठकों में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कुल 0.50




प्रतिशत की कटौती की है। इस समय रेपो दर छह प्रतिशत पर है। ऐसे में अगर एमपीसी इस बार भी ब्याज दर में कटौती का फैसला करती है तो यह अल्पकालिक मानक उधारी दर में लगातार तीसरी कटौती हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई शुक्रवार को भी रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है और यह सिलसिला अगस्त की बैठक में भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, एसबीआई के एक शोध में उम्मीद जताई गई है कि केंद्रीय बैंक जून की समीक्षा बैठक में ही 0.50 प्रतिशत की 'जंबो' कटौती कर सकता है। केयरएज रेटिंग्स ने कहा कि गिरती मुद्रास्फीति आरबीआई को बाहरी बाधाओं के बीच वृद्धि को प्राथमिकता देने का लचीलापन देगी। हालांकि, वृद्धि की रफ्तार सुधरी है लेकिन असमान खपत, निजी पूंजीगत व्यय वृद्धि में कमी और विनिर्माण विकास में कमी जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। एमपीसी में आरबीआई के तीन सदस्य और सरकार द्वारा नियुक्त तीन बाहरी सदस्य शामिल हैं।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी, सेंसेक्स 261 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में रोजगार के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों तथा अमेरिका और चीन के राष्ट्रपति के बीच इस सप्ताह व्यापार वार्ता पर बातचीत के कारण भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 349.78 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही। इसके अलावा भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बाद भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए और निफ्टी 0.32 प्रतिशत बढ़कर 24,620 अंक पर पहुंच गया। अप्रैल में उम्मीद से बेहतर रोजगार के आंकड़ों के बाद मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। यह शुल्क नीतियों पर चिंताओं के बावजूद अमेरिकी श्रम बाजार में मजबूती को दर्शाता है।' उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, इस सप्ताह अमेरिका और चीनी राष्ट्रपति के बीच व्यापार वार्ता को लेकर एक उम्मीद बंधी है। इसके कारण एशियाई बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए।' मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप सूचकांक 0.76 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप 0.58 प्रतिशत मजबूत हुआ।



## उच्चतम न्यायालय ने ब्रिटानिया के लिए बिस्कुट बनाने वाली कंपनी को बंद करने की मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मुंबई उच्च न्यायालय का फैसला खारिज करते हुए ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीआईएल) के लिए तीन दशक से अधिक समय तक बिस्कुट बनाने वाली कंपनी को बंद करने की मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा ने उच्च न्यायालय के 17 फरवरी, 2023 के आदेश के खिलाफ दायर हरिनगर शुगर मिल्स लिमिटेड (एचएसएमएल) की अपील पर यह फैसला सुनाया। एचएसएमएल ने पहले अपने कर्मचारियों को सद्भावना के तौर पर 10 करोड़ रुपये देने की पेशकश की थी। लेकिन अदालत ने इस राशि को बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया और आठ सप्ताह के भीतर इसका भुगतान करने को भी कहा। अदालत ने कहा, 'यह देखते हुए कि इस कंपनी के बंद होने से कुछ कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है और कुछ अन्य बिना किसी गलती के बेरोजगार हो सकते हैं, हम एचएसएमएल के इस कदम की सराहना करते हैं। इस तरह



के बयान को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता है।' एचएसएमएल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने सद्भावना राशि बढ़ाने पर निर्णय लेने का काम अदालत पर छोड़ दिया था। न्यायालय ने कहा, 'हम अपीलकर्ताओं की पेशकश में पांच करोड़ रुपये की बढ़ोतरी करना उचित और न्यायपूर्ण समझते हैं। इस तरह यह राशि हमारे आदेश में उल्लिखित 10 करोड़ रुपये के बजाय 15 करोड़ रुपये हो जाती है।... राशि जारी करने में आठ सप्ताह से अधिक समय नहीं लगना चाहिए।' एचएसएमएल तीन दशकों से अधिक समय से ब्रिटानिया के लिए अनुबंध पर बिस्कुट बना रही थी।

## अदाणी एयरपोर्ट्स ने कर्ज चुकाने, विस्तार के लिए वैश्विक ऋणदाताओं से 75 करोड़ डॉलर जुटाए

**मंगलुरु :** अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने मौजूदा कर्ज के पुनर्वित्तपोषण और अपने हवाई अड्डा नेटवर्क में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय बैंकों के एक गठजोड़ से बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) के जरिये 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। अदाणी समूह की कंपनी के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि यह वित्तपोषण अबू धाबी बैंक, बार्कलेज पीएलसी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने मिलकर किया है। अदाणी समूह ने बताया कि कुल राशि में से 40 करोड़ डॉलर का उपयोग मौजूदा देनदारियों के पुनर्वित्त के लिए किया जाएगा जबकि शेष राशि एएएचएल द्वारा प्रबंधित छह हवाई अड्डों–अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरु, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम – के बुनियादी ढांचे के विकास समेत अन्य पूंजीगत व्यय के साथ–साथ गैर–वैमानिकी परिचालन को बढ़ाने के लिए खर्च की जाएगी। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एएएचएल भारत की सबसे बड़ी निजी हवाई अड्डा परिचालक है।

## आदित्य बिड़ला फैशन से बाहर निकली फ्लिपकार्ट, छह प्रतिशत हिस्सेदारी 588 करोड़ रुपये में बेची

**नयी दिल्ली :** ई–कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने बुधवार को आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल (एबीएफआरएल) में अपनी समूची छह प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिये 588 करोड़ रुपये में बेच दी। इन शेयरों की बिक्री के साथ ही फ्लिपकार्ट एबीएफआरएल से पूरी तरह अलग हो गई है। उसके पास पैंटालून्स, वैन ह्यूसेन और लुइस फिलिप जैसे परिधान ब्रांड हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर थोक सौदों के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बेंगलुरु स्थित फ्लिपकार्ट ने अपनी अनुषंगी फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के जरिये एबीएफआरएल में छह प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 7,31,70,731 शेयर बेचे। इन शेयरों का निपटान औसतन 80.32 रुपये प्रति शेयर के भाव पर किया गया। इस तरह कुल लेनदेन का मूल्य 587.71 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एनएसई पर आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल के शेयर खरीदने वाली इकाइयों का विवरण नहीं मिल सका। एनएसई पर एबीएफआरएल के शेयर 10.37 प्रतिशत गिरकर 77.08 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुए।

## अब स्पेन में भी बिकेगा अमूल का दूध, जीसीएमएमएफ की सीओवीएपी के साथ भागीदारी

**मुंबई :** गुजरात को–ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (अमूल) ने बुधवार को घोषणा की कि उसने स्पेन और यूरोपीय संघ में अमूल दूध पेश करने के लिए स्पेन की पहली स्तरीय सहकारी संस्था कोऑपरेटिव गनेडेरा डेल वैले डे लॉस पेड्रोचेस (सीओवीएपी) के साथ साझेदारी की है। अमूल ने बयान में कहा कि इस साझेदारी के जरिये अमूल दूध को शुरुआत में मैड्रिड, बार्सिलोना और बाद में पुर्तगाल के मलागा, वालेंसिया, एलिकांटे, सेविले, कॉर्डोबा और लिस्बन में पेश किया जाएगा। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा, ''हम एक बहुत ही प्रतिष्ठित स्पेनिश डेयरी सहकारी संस्था सीओवीएपी के साथ जुड़कर बहुत सम्मानित और प्रसन्न हैं।'




वर्ष 10, पूर्णांक 3257 अंक 067, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in